卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 340 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦22 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## केजरीवाल ने बताया क्यों छोड़ी सीएम की कुर्सी

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।दिल्ली के जंतर-मंतर पर आम आदमी पार्टी के 'जनता की अदालत' कार्यक्रम में अरविंद केजरीवाल ने कहा हम ईमानदारी से सरकार चला रहे थे, जनता को सुविधाएं दीं। बिजली फ्री की, पानी फ्री किया, महिलाओं के लिए बस फ्री की। बुजुर्गों को फ्री में तीर्थ यात्राएं करवाईं। अस्पताल, मोहल्ला क्लीनिक और शानदार स्कूल बनाए। 10 वर्षों तक ईमानदारी से काम किया, तो नरेंद्र मोदी को लगने लगा कि इनसे जीतना है तो ईमानदारी पर चोट करो। इसलिए उन्होंने हम पर भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाए। हमारे मंत्रियों और नेताओं को चुन-चुनकर जेल में डाला। केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से अपने इस्तीफे का जिक्र करते हुए कहा, मैंने इस्तीफा इसलिए दिया क्योंकि सीएम की कुर्सी की भूख नहीं है मुझे। मुझे पैसे नहीं कमाने। हम देश की राजनीति बदलने आए थे। मैं नेता नहीं हूं, मेरी मोटी चमड़ी नहीं है। भाजपा वाले जब मुझे चोर और भ्रष्टाचारी कहते हैं तो मुझे फर्क पड़ता है, दुःख होता है। मैं आज इसलिए यहां आया हूं क्योंकि मैं अंदर से पीड़ित और दुःखी हूं। थोड़े दिन में मुख्यमंत्री आवास भी छोड़ दूंगा। आज मेरे पास घर भी नहीं है, लेकिन लोगों का प्यार खूब मिला है। दिल्ली के कई लोगों का मैसेज आया कि आप मेरे घर में आकर रहो। केजरीवाल ने कहा भ्रष्टाचार किया होता तो 10 साल में 10 कोठी, घर बन जाते। लेकिन 10 साल में जनता का प्यार कमाया। यह केस इतनी जल्दी नहीं खत्म होने वाला। पता नहीं कितने दिन चलेगा। तब तक मैं भ्रष्टाचार के दाग के साथ मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठ सकता था। इस दाग के साथ मैं जिंदा नहीं रह सकता। इसलिए मैंने इस्तीफा देकर जनता की अदालत में जाना तय किया। यहां मौजूद दिल्ली की जनता बताए, मैं बेईमान होता तो बिजली फ्री कर पाता? बिजली फ्री करने में 3000 करोड़ रुपये लगते हैं। बेईमान होता तो महिलाओं का बस किराया फ्री होता? बेईमान होता तो बच्चों के स्कूल बनाता? बेईमान होता तो इलाज मुफ्त करता? केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए पूछा इनकी 22 राज्यों में सरकार है। कहीं बिजली फ्री है या महिलाओं का बस किराया फ्री है? तो चोर कौन हैं। केजरीवाल चोर है या केजरीवाल को जेल भेजने वाले (शेष पृष्ठ सात पर)



## गंगा में बहे दिल्ली के दो युवक,सर्च अभियान जारी

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। रविवार सुबह दिल्ली से आए दो युवक गंगा के तेज बहाव में बह गए। एसडीआरएफ की टीम ने सर्च अभियान चलाया, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के पांच युवक आकाश पुत्र इन्दरपाल, संदीप पुत्र गणेश, सचिन पुत्र राम तीरथ निवासी कल्याण कैम्प दिल्ली, राजीव चौधरी पुत्र सुभाष चंद निवासी साकेत दिल्ली और महेश पुत्र डाल चंद निवासी शक्ति विहार मीठापुर दिल्ली ऋषिकेश घूमने आए थे। रविवार सुबह सभी युवक शिवपुरी में गंगा में नहाने गए थे। इस दौरान 23 वर्षीय आकाश और 23 वर्षीय संदीप नहाते समय अचानक तेज बहाव में बह गए । इससे पहले युवक कुछ समझ पाते वह (शेष पृष्ठ सात पर)



## नौ दिन से लापता ग्रामीण का गौला नदी से मिला शव

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।नैनीताल जनपद के ग्राम स्योड़ा में नौ दिन पूर्व गौला नदी में बहे व्यक्ति का शव गत रात्रि किच्छा क्षेत्र में गौला नदी में बरामद किया गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की शिनाख्त ग्राम स्योड़ा नैनीताल निवासी 57 वर्षीय देवेन्द्र सिंह पुत्र हरसिंह के रूप में की गई। घटना की जानकारी मिलने पर उसके परिजन भी यहां आ गये। परिजनों ने बताया कि करीब गत 13 सितम्बर को मृतक देवेन्द्र ग्राम से दस किलोमीटर दूर अपने परिचित की तेरहवीं में शामिल होने के लिए गये थे। जहां से वापस लौटने के दौरान तेज बरसात हो रही थी। उन्होंने बताया कि इसी बीच देवेन्द्र असंतुलित होकर पहाड़ से नीचे आ गिरे और उफनाई गौला नदी में बह गये। मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई । तब से उनकी निरंतर खोजबीन की जा रही थी। जब उन्हें यह जानकारी मिली कि किच्छा में गौला नदी में एक (शेष पृष्ठ सात पर)



## गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में सीएम का हुआ स्वागत

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को माथा टेक प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इससे पूर्व मुख्यमंत्री का नगर में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा स्वागत किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब पहुंचे जहाँ उन्होंने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका, और प्रदेश की खुशहाली के लिए गुरु महाराज से कामना की। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान जोगिंदर सिंह संधू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को गुरुद्वारा साहिब का स्मृति चिन्ह एवं सरोपा भेट कर सम्मानित किया। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव सरदार अमरजीत सिंह, प्रबंधक रणजीत सिंह, गुरवत सिंह सोनी, सुकन सिंह भुल्लर, रणजीत सिंह राणा आदि मौजूद थे। इससे पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री का गुरुद्वारा साहिब पहुंचने पर गुरुद्वारा गेट पर कार्यकर्ताओं ने फूल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल,वरिष्ठ भाजपा नेता वरुण अग्रवाल, उमेश (शेष पृष्ठ सात पर)





## विवादित दरोगा के निलंबन के लिए सीएम को सौंपा ज्ञापन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। रुद्रपुर के दरोगा संदीप पिलख्वाल के निलंबन की मांग को लेकर सिख संगत ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि रुद्रपुर में एक युवक के साथ चेकिंग के दौरान बदतमीजी करने वाला दरोगा कई बार आम जनमानस से दबंगई कर चुका है, ऐसे में उक्त दरोगा के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे कि आने वाले समय में जनमानस के (शेष पृष्ठ सात पर)

## शेयर बाजार में मुनाफे का झांसा देकर 90 लाख ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।शेयर बाजार में ज्यादा मुनाफा कमाने के लालच में एक व्यापारी से 90 लाख रूपये की ऑन लाईन धोखाधड़ी कर ली गई। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट मेंसंजय कुमार पंत पुत्र स्व. गिरीश चन्द्र पंत निवासी बरेली रोड ओल्ड आईटीआई हल्द्वानी ने कहा हौ कि उसकी पुरानी आईटीआई में बृन्दावन बिल्डर्स के नाम से सीमेण्ट व सरिया की फर्म है। 30 जुलाई 2024 को वहं अपने फेस बुक एकाउण्ट पर आन लाईन था तो इसी दौरान अचानक एक विज्ञापन प्रदर्शित हुआ । जिसमें अचानक उससे क्लिक हो गया। उसके बाद उसे प्यूचर कैपिटल इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट ग्रुप में एड कर दिया गया । जिसमें अन्य 180 लोग भी एड हुए थे । चौटिंग प्रारम्भ हुई जिसमें शेयर मार्केट में पैसा इन्वेस्ट के नाम पर पहले ग्रुप में ही ट्रेडिंग का प्रशिक्षण और उसके बारे में समझाया गया और एक मुश्त अधिक लाभ कमाने के बारे में प्रलोभन देकर अपनी कम्पनी में इन्वेस्ट किये जाने हेतु बताया गया । इसी ग्रुप के माध्यम से आनलाईन लिंक के माध्यम से खाता खुलवाया गया । 12 अगस्त 2024 को ग्रुप द्वारा बताये गये खाता में पांच लाख रूपये चैक के माध्यम से जमा किया गया है । उसके बाद ज्ञनतजप वाले ग्रुप द्वारा बताये गये एप के माध्यम से ट्रेडिगं प्रारम्भ हो गयी । जिसमें उनके द्वारा ग्रुप में आन लाईन प्रदर्शित हो रहे वालेट में उक्त धनराशि साढे छः लाख रूपये होनी दिखायी गयी । इसके बाद 22 अगस्त को सात लाख रूपये की धनराशि जमा करने को कहा गया । उक्त धनराशि भी जमा कर दी गयी । जिसके बाद ग्रुप के आन लाईन वालेट मेरे द्वारा इन्वेस्ट की गयी धनराशि पन्द्रह लाख के लगभग दिखायी दे रही थी । ग्रुप द्वारा उपरोक्त मुनाफा दिखाने के बाद और अधिक लाभ कमाने के लिये आईपीओ खरीदने हेतु प्रलोभन दिया गया। 30 अगस्त को बीस लाख रूपये की धनराशि भी अपने एक्सिस बैंक के खाते से ही जमा कर (शेष पृष्ठ सात पर)

## गोलीकाण्ड का आरोपी पिस्टल सहित गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवादाता)। रतनपुरा में फायरिंग के आरोपी को पुलिस ने घटना के 12 घण्टे के भीतर ही लाईसेंसी रिवाल्वर, और कारतूस के साथ किया गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को गदरपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत रतनपुरा क्षेत्र निवासी अमर सिंह मक्कड पुत्र स्व0 जोगेन्द्र सिह निवासी ग्राम रतनपुरा थाना गदरपुर द्वारा लिखित तहरीर देकर बताया कि उसके पडोस मे रहने वाला सिमरजीत सिंह उर्फ लक्की पुत्र मनजीत सिंह निवासी ग्राम रतनपुरा न. 01 द्वारा घर के अन्दर घुसकर जाने से मारने की नीयत से रिवाल्वर से फायरिंग कर जानलेवा हमला किया गया। मामले में तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया । एसएसपी के निर्देश पर गठित टीम ने आरोपी सिमरजीत सिह उर्फ लक्की पुत्र मनजीत सिंह निवासी ग्राम रतनपुरा न0 01 को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से से घटना मे प्रयुक्त लाईसेंसी पिस्टल .32 बोर और 2 जिन्दा कारतूस मूल शस्त्र लाईसेंस,बरामद किया गया। आरोपी के शस्त्र लाईसेंस की कार्रवाई भी की जा रही है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान , उपनिरीक्षक पवन जोशी, कांस्टेबल गोरखनाथ, कैलाश मनराल, कुन्दन सिंह आदि शामिल थे।



## लाखों की स्मैक के साथ सात तस्कर गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। थाना पुलिस ने नशे के विरूद्ध बडी कार्यवाही करते हुए 40.70 ग्राम अवैध स्मैक के साथ सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र में पिछले कई दिनो से कुछ युवकों द्वारा स्वयं नशे का सेवन तथा नशे का कारोबार कर अन्य युवाओं को इसका आदी बनाये जाने की शिकायतें मिल रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर इनके खिलाफ कार्यवाही के लिए टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने सरोवर नगर में चेकिंग के दौरान गुलफाम पुत्र अमीर हुसैन निवासी मसीत गदरपुर , नाजिम पुत्र अहमन सफी निवासी ईदगाह के पीछे निकट थाना केलाखेडा, सोनू सिह पुत्र भीम सिह निवासी मदनापुर चक्की मोड दिनेशपुर , सुनील सिह पुत्र चेतराम सिह निवासी ललपुरी दिनेशपुर, शिवा सिंह पुत्र चन्दर सिह निवासी मदनापुर,चक्की मोड,सरफराज पुत्र तुफैल अहमद (शेष पृष्ठ सात पर)



## नाबालिग के अपहरण के मामले में 21 साल से फरार आरोपी दबोचा

रूद्रपुर/किच्छा(उद संवाददाता)। किच्छा क्षेत्र में नाबालिग के अपहरण मामले में 21 साल से फरार चल रहे आरोपी को फरार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उस पर 25 हजार रूपये का ईनाम भी घोषित था। जानकारी के अनुसार मूल से बिहार के बेतिया निवासी सुरेंद्र महतो पुत्र सरल गणेश महतो पर वर्ष 2003 में किच्छा थाने में नाबालिग के अपहरण का केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के काफी प्रयास किये लेकिन वह (शेष पृष्ठ सात पर)

## गुरूद्वारा नानकमत्ता साहिब के सरोवर में डूबने से महिला की मौत

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब के सरोवर में अचानक एक महिला डूब गई, महिला के डूबने की सूचना पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने तत्काल मौके पर पहुंचकर महिला को निकलवा कर अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।जानकारी के अनुसार सितारगंज निवासी जसविंदर कौर पत्नी सतनाम सिंह गुरुद्वारा श्री साहिब में मत्था टेकने आई थी।दोपहर करीब 12:00 बजे गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी को सूचना मिली कि एक महिला सरोवर मेंडूब गई है। आनन फानन में गुरुद्वारा कमेटी द्वारा अपने निजी वाहन से महिला को अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया । महिला के डूबने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस और गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी जांच कर रही है कि महिला ने आत्महत्या की है या महिला की डुबकर मौत हुयी है।

# कोई नहीं बचा रहा: जल्द सलाखों के पीछे होगा मुकेश बोरा

## हल्द्वानी पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ,सदस्यता अभियान में 30 लाख लोगों की पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पार्टी के सदस्यता अभियान में शामिल होने के लिए शनिवार को हल्द्वानी पहुंचे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने लालकुंआ की एक विधवा महिला द्वारा भाजपा के पूर्व नेता एवं दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा पर परमानेंट नौकरी के नाम पर दुष्कर्म करने के साथ ही उसकी नाबालिग लड़की के साथ भी छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। महिला के आरोप लगाने के बाद लालकुंआ थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। जबकि गिरफ्तारी से बचने के लिए कई दिनो से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे आरोपी मुकेश बोरा की शीघ्र गिरफ्तारी को लेकर विपक्ष द्वारा भाजपा सरकार पर उसे बचाने का भी आरोप लगाया जा रहा है वहीं अब खुद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मीडिया से बातचीत के दौरान बड़ा बयान दिया है। महेंद्र भट्ट ने विपक्ष के हमलों पर कड़ा पलटवार करते हुए कहा है कि दुष्कर्म के आरोपी मुकेश बोरा को कोई बड़ा नेता नहीं बचा रहा है,वो जल्द ही जेल में होगा। उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। हल्द्वानी पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर एक बैठक की। भाजपा के कुमाऊं कार्यालय में ये बैठक आयोजित की गई। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा की 25 सितंबर तक प्रथम चरण में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में संगठन के अनुरूप 19 जिले हैं और सभी जिलों के एक-एक मंडल में जाकर वो सदस्यता अभियान की समीक्षा करेंगे। इस बार प्रथम चरण में 30 लाख लोगों की पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने नैनीताल दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा के मामले में कहा की भाजपा का कोई भी बड़ा नेता मुकेश बोरा को नहीं बचा रहा है। ये मामला न्यायालय में चल रहा है। न्यायालय के आदेश से ही मुकेश बोरा के घर में कुर्की हुई है। मुकेश बोरा को भी जल्द पुलिस जेल की सलाखों के पीछे भेजेगी। वहीं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा हल्द्वानी के महिला डिग्री कॉलेज में आयोजित वार्षिकोत्सव व छात्रा संघ समारोह में पहुंचे। जहां उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान छात्राओं द्वारा मंत्री के समक्ष विभिन्न मांगों को रखा गया। जिस पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बताया कि वो छात्र-छात्राओं के प्रतिनिधि के तौर पर शिक्षा मंत्री से मिलेंगे और उनकी मांगों को पूरा करवाने की कोशिश करेंगे। दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा के फरार होने पर दुग्ध मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि इस मामले में सरकार ने पूरी तत्परता से कार्रवाई की है। महिला द्वारा जैसे ही दुग्ध संघ अध्यक्ष पर आरोप लगाए गए। उसके तत्काल बाद 24 घंटे के अंदर मुकदमा दर्ज किया गया और पॉक्सो के तहत कार्रवाई की गई है। इसके अलावा उनके घर में मुनादी करवाई गई और कल उनके घर की कुर्की भी हुई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे हैं आरोप पूरी तरह से गलत है सरकार ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

## सोशल मीडिया में विधायकों के बनाए गए सदस्यों की सर्वाधिक संख्या से संबंधित सूची हुई वायरल

### भाजपा के 47 विधायकों 10 हजार सदस्य बनाने का का लक्ष्य

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा के 47 विधायकों में से एक भी विधायक अभी तक 10 हजार सदस्य बनाने का का लक्ष्य नहीं छू पाया है। केवल पार्टी के तीन विधायक ही पांच हजार सदस्य संख्या का आकंड़ा पार कर पाए हैं। हालांकि पार्टी के संगठन पर्व सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक कुलदीप कुमार का कहना है अभियान अक्तूबर महीने तक चलना है, इसलिए सभी विधायक अपना लक्ष्य हासिल कर लेंगे। उनके मुताबिक, पार्टी ने 20 सितंबर तक करीब सात लाख सदस्य बना लिए हैं। पार्टी ने तीन सितंबर से राज्य में सदस्यता अभियान शुरू किया है। पहला चरण 25 सितंबर तक चलेगा। सोशल मीडिया में विधायकों के बनाए गए सदस्यों की संख्या से संबंधित एक सूची वायरल हो रही है। इस सूची के मुताबिक, 16 सितंबर तक सहसपुर के पार्टी विधायक सहदेव पुंडीर ने सर्वाधिक 6619, हरिद्वार के विधायक मदन कौशिक ने 6439 और सितारगंज के विधायक कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने 5645 सदस्य बनाए। लेकिन इस तिथि तक पार्टी का कोई भी विधायक 2000 सदस्य संख्या का आंकड़ा नहीं छू पाया। स्पीकर व कोटद्वार विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण ने 1973 सदस्य बनाए थे। श्रीनगर गढ़वाल के विधायक व कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह ने 1631 सदस्य बनाए। उनके बाद बीएचईएल रानीपुर के विधायक आदेश चौहान और कपकोट विधायक सुरेश भी 1000 सदस्य संख्या का आकंड़ा लांघ चुके हैं। लेकिन उनके अलावा पार्टी के ज्यादातर सदस्य 1000 के आंकड़े से नीचे हैं। पार्टी के 13 ऐसे विधायक हैं जिन्होंने 16 सितंबर तक 100 से भी कम सदस्य बनाए। इनमें सात विधायक तो ऐसे हैं जो नौ से 50 सदस्य संख्या के बीच ही अटक गए। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में कुल प्राप्त मतों में से 75 फीसदी मतदाताओं को पार्टी का सदस्य बनाने का लक्ष्य बनाया है। पार्टी अभी सात लाख की संख्या तक पहुंची है। अभियान के प्रदेश संयोजक कुलदीप कुमार के मुताबिक, 25 सितंबर के बाद सदस्यता अभियान की समीक्षा होगी। सभी सांसदों, विधायकों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के दिए गए लक्ष्यों की जानकारी ली जाएगी। अक्तूबर महीने तक चलने वाले सदस्यता अभियान में तेजी के लिए दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

## हाईकोर्ट से दुष्कर्म के आरोपी मुकेश बोरा की अग्रिम जमानत याचिका हुई खारिज

नैनीताल। नैनीताल हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपी लालकुआं दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा की अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई की। हाईकोर्ट ने मुकेश बोरा की गिरफ्तारी पर रोक से इनकार कर दिया है। नैनीताल दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा पर दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट के गंभीर आरोप लगे है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही मुकेश बोरा फरार चल रहा है। मुकेश के अधिवक्ता ने उच्च न्यायालय में पिछले दिनों गिरफ्तारी पर रोक संबंधी याचिका दाखिल की थी, इसके बाद उन्होंने न्यायालय से अग्रिम जमानत की प्रार्थना की, जिस पर शनिवार को न्यायमूर्ति रविंद्र मैठाणी की एकलपीठ में सुनवाई हुई। सरकार और पीड़िता पक्ष के अधिवक्ताओं द्वारा आरोपी की अग्रिम जमानत का पुरजोर विरोध किया गया। न्यायालय ने कहा कि पोक्सो, नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (छक्चै) और पीसी जमानत पोषणीय नहीं है। साथ ही मुकेश बोरा आरोपी घोषित अपराधी है, जिसके खिलाफ कुर्की वारंट जारी है। इसके चलते मुकेश बोरा को पोक्सो एक्ट के चलते अग्रिम जमानत देना अपोषणीय है।





# बलात्कार के आरोपियों को संरक्षण दे रही भाजपा सरकार : ज्योति रौतेला

## कांग्रेस नेताओं ने कहा: राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त,सरकार हर मोर्चे पर विफल, अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने की मांग



देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्षा ज्योति रौतेला के नेतृत्व में राज्य में महिलाओं के साथ लगातार हो रहे बलात्कार, हत्या, उत्पीड़न और अत्याचार के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, उपनेता भुवन कापड़ी पूर्व मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत, हीरा सिंह बिष्ट सहित पूरे प्रदेश से महिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कांग्रेस के सैकड़ों वरिष्ठ नेतागणों की उपस्थिति में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से मुख्यमंत्री आवास तक जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने आज सड़कों पर उतरकर मुख्यमंत्री आवास कूच किया। लेकिन पुलिस ने उन्हें आध रास्ते में ही रोक दिया। महिला कांग्रेस की अध्यक्षा ज्योति रौतेला ने अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराए जाने तथा दोषियों को फांसी की सजा दिए जाने की मांग को लेकर आज वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ प्रदर्शन किया। इसके साथ ही रिसॉर्ट में आने वाले वीआआपी के नाम का खुलासा करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अंकिता हत्याकांड मानवता के लिए शर्मसार करने वाला तथा देवभूमि उत्तराखण्ड की अस्मिता को कलंकित करने वाली घटना थी। जिसके लिए दोषियों को फांसी की सजा दी जानी चाहिए ताकि इस प्रकार के अपराध करने वालों के लिए एक नजीर साबित होती। लेकिन अंकिता के बलात्कार और हत्या में खुद भाजपा के नेतागणों के नाम आने के कारण आजतक उत्तराखण्ड की बेटी और उसके परिवार को न्याय नही मिल पाया है। केंद्र और राज्य सरकार लगातार इस हत्याकाण्ड में संलिप्त लोगों को संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा आंखिर भाजपा की केन्द्र सरकार सीबीआई जांच करने से क्यों कतरा रही है? उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के काले करतूत किसी से छुपे नहीं है। उन्होंने भाजपा के बलात्कारी नेताओं का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह, पूर्व सासंद ब्रजभूषण, पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह सैनी, भाजपा विधायक रमेश जारकीहोली, सासंद मास रेपिस्ट प्रज्वल रेवन्ना, पूर्व मंत्री चिन्मयानन्द, पूर्व विधायक रामदुलार गौर, भाजपा नेता कन्हैया लाल मिश्रा, पद्मराजन, सक्षम पटेल, विनोद आर्य, पुलकित आर्य जैसे भाजपा के नेताओं ने देश को शर्मसार करने का काम किया है। उन्होंने कहा इसी प्रकार उत्तराखण्ड में भी जितने भी महिलाओं के साथ छेडडाड़, बलात्कार हुए हैं उनमें अधिकतर भाजपा के लोग संलिप्त हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यायालय में आयोजित सभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से महिलाओं की सुरक्षा को लेकर संघर्ष करने का आह्वान किया। माहरा ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार में महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं लगातार बढती जा रही हैं। भाजपा नेता के रिजार्ट में राज्य की बेटी अंकिता भण्डारी के साथ हुई जघन्य अपराध की घटना के उपरान्त जिस प्रकार रातों-रात सबूत नष्ट करने का काम किया गया उससे स्पष्ट होता है कि भाजपा सरकार में अपराधियों को खुला संरक्षण दिया जा रहा है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा रिसॉर्ट पर बुल्डोजर फिराने के आदेशों से इंकार किया गया है। भाजपा सरकार सबूत नष्ट करने के बाद अपनी पीठ थपथपा रही है। उन्होंने कहा कि इस जघन्य आपराधिक घटना में शामिल सभी लोगों के नामों का खुलासा होना चाहिए जिसके लिए कांग्रेस पार्टी इस जघन्य हत्याकाण्ड की जांच सीबीआई से कराने की मांग करती है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि राज्य सरकार ने अंकिता हत्याकाण्ड के सबूतों को नष्ट करने का काम किया है। अंकिता हत्याकाण्ड जैसे जघन्य अपराध राज्य में महिला सुरक्षा के लिए गम्भीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि लचर कानून व्यवस्था के कारण आज भी महिलाओं के साथ बलात्कार और अत्याचार की वारदातें लगातार बढ रही है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता की निर्मम हत्या होने बावजूद भी अपराधी को इतना वक्त दिया गया कि वो साक्ष्य मिटा सके। एक महत्वपूर्ण साक्ष्य बुलडोजर से तोड़कर नष्ट कर दिया गया। जहां सीसीटीवी कैमरा सहित कई साक्ष्य कोर्ट में महत्वपूर्ण हो सकते थे। अपराधियों के मोबाइल और उनके संरक्षकों के मोबाइल गायब बताए गए। अपराधियों को पुलिस रिमांड में लेने में जान बूझकर विलंब किया गया। पोस्ट मार्टम में महिला डॉक्टर को सम्मिलित न करना भी केश को कमजोर करने की साजिश थी। इस अवसर पर उन्होंने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का भी आभार प्रकट किया कि उन्होंने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उत्तराखण्ड की बेटी अंकिता को न्याय दिलाने की मांग की थी। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि भाजपा नेता के पुत्र का रिसॉर्ट होने के कारण राज्य सरकार द्वारा शुरूआत से ही इस जघन्य अपराध की घटना पर पर्दा डालने का काम किया गया। सरकार के दबाव में पहले राजस्व पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज करने में हीला हवाली की गई। उपनेता भुवन कापड़ी ने कहा कि इन आठ वर्षों के कार्यकाल में भाजपा की राज्य सरकार पूरी तरह फेल हुई है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार ना तो महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचारों को ही कम कर पा रही है और ना ही बेरोजगारों को रोजगार दे पा रही है। जबकि पूर्व मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि भाजपा विरोधी दल के नेताओं के डराने धमकाने का काम करती है। लेकिन हम डरने वाले नही हैं चाहे भाजपा कुछ भी कर ले।

# कांग्रेसियों ने फूंका सरकार और पुलिस प्रशासन का पुतला



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। चेकिंग के दौरान सिख युवक के साथ की गयी अभद्रता के विरोध में कांग्रेसजनों ने डीडी चौक पर प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार और पुलिस प्रशासन का पुतला दहन किया। कांग्रेसियों ने सिख युवक के साथ बदसलूकी करने वाले दरोगा को निलंबित करने की पुरजोर मांग की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा की अगुवाई में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता डी डी चौक पर एकत्र हुए। कांग्रेसियों ने सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया और पुतला फूंका। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। पुलिस अपराधियों को पकड़ने के बजाय आम जनता के साथ गुण्डई दिखा रही है। चेकिंग के नाम पर आये दिन लोगों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंनें कहा कि भाजपा सरकार में कभी बंगाली समाज तो कभी सिख समाज को अपमानित किया जा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने कहा कि सिख युवक के साथ दरोगा द्वारा की गयी अभद्रता निंदनीय है। बेकसूर युवक के साथ दरोगा ने अभद्रता करते हुए बाइक को लात मारकर गिरा दिया। ऐसे दरोगा को पुलिस विभाग से तत्काल बाहर किया जाना चाहिए। इस तरह के पुलिस कर्मी मित्र पुलिस की छवि को भी कलंकित कर रहे हैं। मीना शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सिख समाज के साथ पहले भी खड़ी थी और आगे भी हमेशा खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि दरोगा को निलंबित नहीं किया गया तो पूरे प्रदेश में कांग्रेस आंदोलन चलायेगी। कांग्रेस नेता सौरभ चिलाना ने कहा कि भाजपा सरकार में पुलिस बेलगाम हो चुकी है। पुलिस पर सरकार का कोई कंट्रोल नहीं है। प्रदेश में अपराधिक तत्व खुलेआम संगीन वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस अपराधियों पर लगाम कसने के बजाय आम आदमी पर गुस्सा उतार रही है। उन्होंने सिख युवक से बदसलूकी करने वाले दरोगा के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर निलंबित करने की मांग की। पुतला फूंकने वालों में समर वीर सिंह सिद्धू, अमरीक सिंह, इंद्रजीत सिंह, जुगनू सिंह, काबल सिंह,विक्रम वीर, रविंद्र पाल सिंह, सुखविंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह, संदीप चीमा, राजकुमार सिंह, अबरार अहमद, चंदेश्वर, राजन ठुकराल, सपना गिल, जसविंदर सिंह, विक्की, रजत अरोड़ा,ममता रानी, मोहन खेड़ा,सतीश कुमार, बाबू विश्वकर्मा, रोहित चौहान, मोहन, संजीव राठौर, मनोज कुमार, अबरार, अशफाक अहमद, कमल ,महेश कोली, इदरीश गोला,बेबी सिद्धार्थ, प्रीति,ज्योति योगेश चौहान, इमरान सैफी, हरेंद्र पाल,विक्की गुप्ता, रविंद्र सागर, मोंटी, अमन जौहरी, मनीष बाबरा,मनवीर सिंह, बाबू खां आदि शामिल थे।

# बर्थडे की पार्टी में चाकूबाजी महिला समेत चार लोग घायल

काशीपुर। काशीपुर कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम हरियावाला में एक ढाबा स्वामी के बेटे की बर्थडे पार्टी में दो पक्ष में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान हमलावरों ने चाकू से एक महिला समेत चार लोगों को लहूलुहान कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना में अभी केस दर्ज नहीं हुआ है।कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम हरियावाला में वीडियोकॉन फैक्टरी के सामने संजू कुमार का चौधरी ढाबा है। शुक्रवार की शाम उनके बेटे की बर्थडे पार्टी थी। केक काटने की तैयारी चल रही थी। आरोप है कि इसी दौरान पास के गांव के रहने वाला एक युवक मौके पर पहुंचा। इसी बीच युवक ने केक उठाकर संजू की पत्नी की चेहरे पर लगा दिया। इसके बाद युवक कमरे में घुस गया और परिवार की महिलाओं के साथ अभद्रता करने लगा।इससे गुस्साए संजू के भाई ने आरोपी को थप्पड़ जड़ दिया। बात बढ़ने पर लोगों ने युवक को उसके घर भेज दिया। कुछ देर बाद युवक धारदार हथियार से लैस होकर लगभग छह लोगों के साथ पार्टी में पहुंचा। वहां हमलावरों ने चाकू से लोगों पर हमला करना शुरू कर दिया। इस दौरान चाकू लगने से संजू के गाजियाबाद से आए रिश्तेदार संगीता, गुड्डू, बुद्धा सिंह व नरेश कुमार लहूलुहान हो गए। शोर–शराबा होने पर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंच गए तब तक हमलावर फरार हो गए जबकि उनका एक साथी पकड़ लिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। साथ ही घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। उधर, सूर्या चौकी प्रभारी मनोज धौनी ने बताया कि एक महिला समेत चार घायलों को सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं एसपी अभय सिंह ने बताया कि अभी पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# सागौन की लकड़ी के साथ एक तस्कर दबोचा

लालकुंआ (उद संवाददाता)।वन विभाग और एसओजी की टीम ने शनिवार देर रात सागौन के दो गिल्टों के साथ तस्कर को दबोच लिया। जबकि मौके से चार लोग स्कूटी से फरार हो गए जिनकी तलाश की जा रहीं हैं। तराई केन्द्रीय वन प्रभाग रूद्रपुर की टांडा रेंज में आये दिन बैखोफ वन तस्कर बेशकीमती पेड़ों की कटाई कर जगंल को साफ करने में लगे है। बीते कुछ दिनों में टांडा रेंज में सागौन की कटाई के कई मामले सामने आये है जिसमें वन विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। लेकिन वन विभाग की कार्रवाई के वाबजूद सागौन की तस्करी रूकने का नाम नही ले रही है। ताजा मामला शनिवार देर रात का है जहां तराई केन्द्रीय वन प्रभाग और एसओजी टीम



ने मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल से सागौन के गिल्टें ले जा रहे हैं एक तस्कर को दो सागौन के गिल्टों के साथ लालकुआं हाट बाजार स्थित रेलवे पुल के ऊपर गिरफ्तार कर लिया। वन विभाग की टीम ने मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम अनिल पुत्र शंकर निवासी साफ कटानी टांडा रेंज बताया। मौके से स्कूटी तथा अन्य वाहन से आ रहे चार तस्कर फरार हो गए जिनकी तलाश जारी है। वन विभाग की टीम ने पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। टीम में मुख्य रूप से एसओजी प्रभारी कैलाश तिवारी, वन दरोगा सुरेश पाडे, वन आरक्षी राजेन्द्र प्रसाद, हरीश बाला, शुभम शर्मा, भूपेंद्र शाह, वाहन चालक राहुल कनवाल मौजूद रहे।

# शुक्ला ने कैबिनेट मंत्री जोशी से की मुलाकात

किच्छा(उद संवाददाता)। बीते शनिवार को देहरादून स्थित आवास पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कैबिनेट मंत्री एवं प्रभारी मंत्री श्री गणेश जोशी से मुलाकात की। इस मुलाकात में किच्छा 14 अगस्त को आयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विभाजन विभीषिका सेनानी स्मारक निर्माण हेतु 10 लाख रुपये की धनराशि की घोषणा पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के संबंध में महत्वपूर्ण वार्ता की। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने इस बात पर जोर दिया कि स्मारक का स्थल चयन और निर्माण प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू होनी चाहिए ताकि विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाने वाले सेनानियों को सम्मान दिया जा सके। उन्होंने संबंधित विभाग से आगणन प्रस्तुत करने और निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की। पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा विभाजन विभीषिका का दर्द जिन परिवारों ने सहा, उनका संघर्ष और बलिदान अमूल्य है। इस स्मारक का निर्माण उन वीर



सेनानियों की स्मृति को जीवित रखने का एक प्रयास है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आश्वासन दिया कि यह स्मारक निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी जाएगी और जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। इस पहल से सेनानियों के सम्मान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का रास्ता साफ हो गया है।यह स्मारक न केवल विभाजन की त्रासदी को झेलने वाले सेनानियों को सम्मानित करेगा, बल्कि भावी पीढ़ियों को उनके संघर्ष से प्रेरणा लेने का एक महत्वपूर्ण स्रोत बनेगा।

# दसवीं की छात्रा की संदिग्ध अवस्था में मौत

पंतनगर। स्वतंत्रता सेनानी ग्राम जवाहर नगर में शनिवार को एक किशोरी की संदिग्धावस्था में मौत हो गई जिससे परिजन शोक के साथ सकते में हैं कि ऐसा क्या हो गया अच्छी खासी हंसती खेलती बच्ची दुनिया से विदा हो गई। लालपुर स्थित महिंद्रा कंपनी में नियमित कर्मचारी रामजी यादव जवाहर नगर की कृष्ण विहार कालोनी में मकान बनाकर सपरिवार रहते हैं। उनकी पुत्री प्रीति यादव (14) यहीं के सेंट लामार्ट स्कूल में दसवीं की छात्रा है। प्रीति शनिवार को करीब दो बजे स्कूल से घर लौटी और उसने मैक्रोनी खाई। जिसके बाद से उसके पेट में तेज दर्द शुरू हो गया। जब दर्द असहनीय होने लगा तो उसने परिजनों को बताया। परिजन तत्काल उसे पहले किच्छा फिर रुद्रपुर के निजी अस्पताल में ले गए। जहां ईलाज के दौरान प्रीति की मौत हो गई।

# विवाह समारोह में 10 बजे बैंड और 12 बजे भोजन बंद कराने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विवाह समारोह संघर्ष समिति की समिति के मुख्य संयोजक नवीन पांडे सन्नू की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। जिसमें निर्णय लिया गया कि शादी विवाह समारोह में बैंड को भी रात्रि 10 बजे के बाद नहीं बजाया जायेगा। इसके लिए विवाह समारोह संयुक्त संघर्ष समिति सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर डीजे की भांति बैंड को भी रात्रि 10 बजे बैन करने का अनुरोध करेंगे। जिससे विवाह समारोह समय से सम्पन्न हो सके और बारात से रोड में लगने वाले जाम से भी मुक्ति मिलेगी। साथ ही कैटर्स के द्वारा रात्रि 12 बजे बाद भोजन व्यवस्था बंद करने में सहायक होगी। समिति के सह संयोजक रूपेंद्र नागर ने कहा कि विवाह समारोह में रात्रि में ही 90 प्रतिशत अग्रिम भुकतान भी अनिवार्य किया गया है। बैठक में विमल तोलिया, लक्ष्मण सिंह बिस्ट, गोपाल भट्ट, रवप्रीत अरोरा, संजू विनायक, सुबोध अग्रवाल, कलम राजपाल, प्रभु पांडे, विनोद कश्यप, शंकर कश्यप, सोनू कश्यप, नरेंद्र शराष्वत, परमजीत सिंह, रविंद्र बाली, नंदू कर्नाटक, गोपाल गुर्रानी सहित टैंट, बैंकट, लाईट, डीजे, कारीगर, फोटोग्राफर के स्वामी उपस्थित रहे।



# चोरी की मोटर साइकिल सहित दो ऑटो लिफ्टर किए गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मेडिकल चौकी पुलिस टीम ने चौकिंग के दौरान दो ऑटो लिफ्टरों को चोरी की एक मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार 19 सितंबर को योगेश पुत्र छत्रपाल निवासी ग्राम ढकिया वर्कली थाना कोलरिया जिला बरेली द्वारा थाना हल्द्वानी पर अज्ञात चोर द्वारा उनकी मोटर साईकिल संख्या यूपी 25 सीएल 7787 को सुशीला तिवारी हॉस्पिटल गेट के सामने से चोरी कर ले जाने की रपट दर्ज गयी। मामले की विवेचना उनि प्रवीण कुमार चौकी प्रभारी मेडिकल द्वारा सम्पादित की जा रही है।उक्त घटना के संबंधित अज्ञात अभियुक्त की तलाश एवं चोरी की गयी मोटर साइकिल की



बरामदगी हेतु घटनास्थल के आसखपास लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन व अन्य माध्यम से पुलिस टीम द्वारा 2 अभियुक्तों को चोरी गयी मोटर साइकिल सहित एफटीआई रोड से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता विजय चन्द्र जोशी पुत्र जगदीश चन्द्र जोशी निवासी हैड़ागज्जर पानी टंकी के पास हल्द्वानी तथा शुभम मौर्या पुत्र राजू मौर्या निवासी रीचा कस्बा वार्ड 1 थाना देवरनिया जिला बरेली बताया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि प्रवीण कुमार चौकी प्रभारी मेडिकल कॉलेज, कानि. अनिल जौहरी व कमलेश नौला शामिल थे।

# किशोरी को भगाने के मामले में छह लोगों के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम मलसा गिरधरवपुर में बहला फुसलाकर एक किशोरी को भगा ले जाने के मामले में किशोरी के पिता ने 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में कहा गया है कि वह मूल रूप से भिखारीपुर थाना सुनगढी जिला पीलीभीत का रहने वाला है। 5 जुलाई को अपनी पत्नी, पुत्री व पुत्र के साथ काम की तलाश में ग्राम मलसा गिरधरपुर निवासी अपने सांढ़ू के पास रह कर काम करने लगा और उन्होने अपने कमरे के बगल में उसको भी एक किराये का घर दिलवा दिया। 18 जुलाई को प्रात: उसकी 15 वर्षीय पुत्री घर से घरेलू सामान लेने के बहाने निकली और उसके बाद शाम तक घर वापिस नहीं लौटी। पुत्री को तलाश किया तो पता चला कि पुत्री को करन पुत्र गुडडू जो कि हमारे पैतृक गाँव के रहने वाले है बहला फुसला कर लेकर चला गया है। जब उसके पिता गुड्डू से अपनी नाबालिग पुत्री को लौटाने की बात कही तब करन, उसका पिता गुड्डू, नन्ही, सुनैना पत्नी गुडड्डू अजयपाल पुत्र गुड्डू एवं अजयपाल की पत्नी सावित्री एक राय होकर कहने लगे इस बात की तहरीर थाने में दोगे तो हम तुम्हे व तुम्हारे परिवार को जान से मरवा देंगें । उसकी नाबालिग पुत्री अभी तक उन्ही लोगो के कब्जे में है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विदेश भेजने के नाम पर 14.53 लाख ठगे, तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज

खटीमा। विदेश भेजने के नाम पर 14,53,299 रुपये ठगने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कंजाबाग निवासी गोविंद सिंह चुफाल ने कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि वह सेना से सेवानिवृत्त हैं। उनका भतीजा पूरन, उनका पड़ोसी अमित गहतोड़ी व उनका मित्र मनोज चंद भी नौकरी की तलाश कर रहे थे। नवंबर 2023 को उन्होंने एक यूट्यूब चौनल में देखा, जिसमें विदेशों में नौकरी लगवाने का दावा किया जा रहा था। उन्होंने दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो विनीता पत्नी आशीष तंवर ने फोन उठाया और सेक्टर–14 गुरुग्राम स्थित अपने कार्यालय में बुलाया। पूरन अपने साथ मनोज चंद को लेकर गुरुग्राम गया। वहां विनीता ने अपने पति आशीष तंवर निवासी साउथ दिल्ली व हाल निवासी गुरुग्राम, हरियाणा से मिलवाया और बताया कि वे लोग विदेशों में नौकरी दिलवाते हैं। उनकी बातों में आकर पूरन, अमित व मनोज चंद ने 14,53,299 रुपये दे दिए। बाद में उनके भतीजे को सिंगापुर भेज दिया। एक माह बीतने के बाद भतीजे को न तो नौकरी मिली न ही वर्क वीजा मिला, जबकि अमित को जर्मनी का फर्जी वीजा थमा दिया गया। पुलिस ने इस मामले में न्यायालय के आदेश पर आशीष तंवर, विनीता व सुनील के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मारपीट में घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत

गदरपुर(उद संवाददाता) थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सुखशांति नगर में सांप पकड़ने के बहाने दो अज्ञात युवकों ने बुजुर्ग दुकानदार के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया था और नगदी लूटकर फरार हो गऐ थे। शनिवार रात उपचार के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई थाना अध्यक्ष ने बताया कि अब मुकदमें में हत्या की धारा बढ़ाई जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुक्खू प्रसाद पुत्र शिवनाथ निवासी सुखशांति नगर ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उसके ससुर बाबूलाल पुत्र रामदयाल उम्र 90 वर्ष एक चाय की दुकान चलाते हैं जिसमें 20 सितंबर दोपहर लगभग 12:30 बजे दो अज्ञात युवक दुकान के पास आकर रुके और दुकानदार बाबूलाल को बताया कि आपकी दुकान के बराबर वाले कमरे में सांप है जहां बाबूलाल अज्ञात युवकों के साथ कमरे में गया तो अज्ञात युवकों ने बुजुर्ग बाबूलाल के साथ मारपीट कर अधमरा कर दिया था और नगदी लेकर फरार हो गए थे। पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई थी पुलिस ने बुजुर्ग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया था और तहरीर के आधार पर दो अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। शनिवार रात इलाज के दौरान बाबूलाल की मौत हो गई थाना अध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान ने बताया कि अब मुकदमे हत्या की धारा बढ़ाई जाएगी।

# सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद हरकत में आई सरकार

## वन विभाग के दैनिक वेतन कर्मियों के मानदेय भत्ते बढ़ाने के मामले में कैबिनेट की सब कमेटी का गठन किया

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की वर्चुअल अध्यक्षता में शनिवार को सचिवालय में अचानक मंत्रिमंडल की बैठक की गई है। बैठक में सीएम पुष्कर सिंह धामी ऑनलाइन जुड़े। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, गणेश जोशी, सुबोध उनियाल और रेखा आर्य सचिवालय में शामिल हुए। कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत जम्मू-कश्मीर, सतपाल महाराज हरिद्वार और सौरभ बहुगुणा ऊधमसिंह नगर से ऑनलाइन बैठक में जुड़े। सुप्रीम कोर्ट ने वन विभाग के दैनिक कर्मियों का मानदेय बढ़ाने (समान कार्य के बदले समान वेतन) एवं महंगाई भत्ता बढ़ाने का आदेश दिया था, लेकिन सरकार ने इस पर अमल नहीं किया। इस पर संबंधित कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ अवमानना वाद दायर कर दिया। वन महकमे के दैनिक कर्मचारियों के महंगाई भत्ते के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए राज्य सरकार से तत्काल कैबिनेट नोट मांगा है। इसके बाद आनन-फानन में शनिवार देर शाम मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में ऑनलाइन कैबिनेट बैठक बुलाई गई। सूत्रों ने बताया कि सरकार ने इस मसले पर कैबिनेट की सब कमेटी गठित करने का निर्णय लिया है। विभागीय मंत्री इस कमेटी के अध्यक्ष होंगे। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल के अनुसार बैठक में तीन फैसले लिए गए।



इसमें सबसे अहम वन विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मियों के मानदेय एवं महंगाई भत्ते से जुड़ा है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने वन विभाग के दैनिक कर्मियों का मानदेय बढ़ाने (समान कार्य के बदले समान वेतन) एवं महंगाई भत्ता बढ़ाने का आदेश दिया था, लेकिन सरकार ने इस पर अमल नहीं किया। इस पर संबंधित कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ अवमानना वाद दायर कर दिया। सरकार का पक्ष नहीं मिलने पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया और इस संबंध में सरकार की ओर से लिए गए फैसले का बाकायदा कैबिनेट नोट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इसलिए सरकार को आनन-फानन में कैबिनेट बैठक बुलानी पड़ी। कैबिनेट ने इस मसले पर सब कमेटी बनाने के साथ ही तमाम कानूनी पहलुओं का परीक्षण करने का निर्णय लिया है। यूपीसीएल पांच कर्मचारियों को समान कार्य के बदले समान वेतन का लाभ दे चुका है। 2019 में हाईकोर्ट के आदेश के बाद रिट दायर करने वाले पांच कर्मचारियों को यह लाभ मिला। यूपीसीएल के उपनल कर्मचारी भी हाईकोर्ट गए, लेकिन प्रबंधन डबल बैंच में चला गया। मामला लंबित है। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने मीडिया से बातचीत में बताया कि 16वां वित्त आयोग जल्द ही उत्तराखंड राज्य के दौरे पर आ रहा है। ऐसे ने 16वें वित्त आयोग के सामने राज्य के वित्तीय प्रबंधन को कितने बेहतर तरीके से बता सकते है, इसी की चर्चा आज 21 शनिवार सितंबर की कैबिनेट बैठक में हुई कि आयोग के वित्तीय सिफारिस के बाद राज्य का कितना भला हो सकता है। वहीं, चारधाम यात्रा फिर से शुरू होने वाली है। ऐसे में यात्रा का किस तरह से प्रबंधन किया जाए, इसको लेकर चर्चा की गई है. साथ ही आपदा और यात्रा दोनों का किस तरह से सामना किया जाए। उसके लिए निर्णय लिया गया। यही नहीं सुप्रीम कोर्ट में जो मामला चल रहा है, उसको देखते हुए लीगल रेमेडी पर चर्चा करते हुए सब कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया है।

## चंपावत से सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अचानक बुलाई ऑनलाईन कैबिनेट मीटिंग, वर्चुअली जुड़े तीन मंत्री

चंपावत/देहरादून। मुख्यमंत्री धामी शनिवार को दोपहर रुद्रपुर रवाना हो गए थे। वहां उन्होंने उत्तराखंड राज्य खेल का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने चम्पावत के आपदाग्रस्त क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण भी किया। जबकि सीएम ने निर्देश पर शाम को अचानक कैबिनेट बैठक आहूत की गई। शनिवार होने की वजह से सचिवालय बंद था लिहाजा मंत्रि परिषद और वन महकमे के कुछ अफसरों को तत्काल सचिवालय बुलाया गया। वहीं तीन कैबिनेट मंत्रियों को वर्चुअली मीटिंग में शामिल हुए। कैबिनेट बैठक शुरू होने से पहले वन मंत्री सुबोध उनियाल राजपुर रोड स्थित वन मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने विभागीय अफसरों से सुप्रीम कोर्ट में चल रहे वाद के बारे में जानकारी ली। उन्होंने दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के पूर्व में हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका का भी ब्योरा लिया। दरअसल, साल 2001 से सुप्रीम कोर्ट ने मामला चल रहा है, जिसमे सुप्रीम कोर्ट ने कर्मचारियों को बेसिक पे देने की बात कही थी, लेकिन उत्तराखंड सरकार पहले से ही दैनिक वेतन भोगियों को बेसिक पे रही है. हालांकि अब इस मामले पर 24 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है, जिसको लेकर कैबिनेट में चर्चा की गई। इस मामले को लेकर सब कमेटी का गठन किया जाएगा। कमेटी में कौन-कौन लोग होंगे ये तय करना मुख्यमंत्री का अधिकार है।



## जल संरक्षण के कार्यों में लाएं तेजी:डीएम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जनपद में जल संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों में तेजी लाई जाए। यह निर्देश डीएम वंदना सिंह ने कैंप में स्प्रिंग एंड रिवर रिजुवनशन प्राधिकरण की बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण व संवर्धन के लिए जनपद नैनीताल के विकास खण्डों में अनेक स्थानों पर व हल्द्वानी मुख्यालय में स्थित सरकारी कार्यालयों के प्रांगण में सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग, एडीबी द्वारा चरणबद्ध तरीके से जल स्रोतों, गदेरों, वाटर रिचार्ज पिट व शाफ्ट, चल खाल आदि के संरक्षणात्मक व निर्माण कार्य किए जाने हैं। जिनमें तेजी लाने के लिए डीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनपद नैनीताल में जो स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों व स्वयं सहायता समूह पर्यावरण व जल संरक्षण और संवर्धन के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं उनको चिन्हित करें। आगामी बैठक में उनके क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण व जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाले कम से कम एक व्यक्ति को आवश्यक रूप से लेकर आएंगे। ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करने व उनका मनोबल बढ़ाने का कार्य करें। इसके साथ ही उनको सरकार की योजनाओं से जोड़ा जाए और उनको लाभान्वित करने का कार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने वन विभाग, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग व अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को जल संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा जल संरक्षण के क्षेत्र में लंबित कार्यों की अतिशीघ्र डीपीआर तैयार कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें और प्राथमिकता के साथ जल संरक्षण व संवर्धन का कार्य किया जाए। बैठक में संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल सहित वन विभाग, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग, जलसंस्थान, जल निगम के विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।








## सरस्वती इंस्टीट्यूट में फ्रेशर पार्टी की धूम

गदरपुर (उद संवाददाता)सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज में शनिवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ संस्थान के उपाध्यक्ष विशाल गर्ग द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया आपको बता दें कि सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी रुद्रपुर/गदरपुर में शनिवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें नए छात्र-छात्राओं का स्वागत और कॉलेज में पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों की विदाई समारोह किया गया कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर ( प्रबंधन विभाग) व प्लेसमेंट अधिकारी डॉ अजहर खान ने बताया कि फ्रेशर पार्टी का उद्देश्य नए छात्रों का स्वागत करना, उनका आत्मविश्वास बड़ाना,उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना, जूनियर और सीनियर छात्रों के बीच मित्रता बढ़ाना, आधुनिक नृत्य, लुभावने गायन प्रदर्शन और शानदार सजावट जैसे कई रोमांचक कार्यक्रम होते हैं जिससे यह एक भावपूर्ण अनुभव बन जाता है। फ्रेशर पार्टी में नए छात्रों को नए लोगों से मिलने और अपने सामाजिक दायरा को बढ़ाने का मौका भी मिलता है। यह एक तरह का परिचयात्मक समारोह होता है जिसमें नए छात्रों को संस्थान की संस्कृति से अवगत कराया जाता है वही कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न संस्कृतियों पर नृत्य करते हुए अखंड भारत की प्रस्तुति दी जिसमें भांगड़ा, पंजाबी सोंग्स, बॉलीवुड थीम, कॉमेडी आदि पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किए गए साथ ही साथ कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा रैंप वॉक भी किया गया जिसमें कार्यक्रम के अंत में कृष्ण शर्मा को मिस्टर फ्रेशर, पूजा मिश्रा को मिस फ्रेशर, जगमीत सिंह को मिस्टर ईलिगेंट, हिफ्जा खान को मिस ईलिगेंट, जसकरन कलरा को स्पार्क ऑफ द इव तथा सिमरन कौर को डाईनामिक पर्सनेलिटी का खिताब से नवाजा गया, वहीं आदर्श गुप्ता को मिस्टर फेयरवेल, करीना को मिस फेयरवेल, अमित कुमार को मिस्टर ईलिगेंट तथा विधि को मिस ईलिगेंट के खिताब से नवाजा गया । इस दौरान संस्थान के अध्यक्ष हरिओम कुमार गर्ग, जनरल सेक्रेटरी सुरेंद्र कुमार गांधी, वॉइस चेयरमेन विशाल गर्ग, सीईओ समीप गांधी, प्राचार्य डॉक्टर एस के त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष प्रबंधन विभाग डॉक्टर पूजा जौहरी, विभाग अध्यक्ष कॉमर्स एवं कंप्यूटर साइंस विभाग मलकीत सिंह, एवं विभागाध्यक्ष साइंस विभाग सौरभ कुमार शर्मा एवं नेहा राणा ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।





## बंगाली समाज के सम्मेलन को सफल बनाने पर जताया आभार

गदरपुर(उद संवाददाता)आम आदमी पार्टी से बंगाली समाज मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने रूद्रपुर के गांधी पार्क में 20 सितंबर को बंगाली समाज एकता महासम्मेलन को सफल बनाने पर बंगाली समाज के सभी लोगों एवं आयोजकों का आभार आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि अपार सहयोग से महासम्मेलन शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। सुभाष व्यापारी ने कहा कि इस मंच के माध्यम से उत्तराखंड सरकार तथा भारत सरकार से बंगाली समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा देने की मांग की गई है जिसे पूरा नहीं किया गया, जिस कारण बंगाली समाज निराश है। सरकार की उदासीनता से आक्रोशित भी है। अपनी मांग को समस्त बंगाली समाज एक मंच पर आकर सरकार को संदेश देने का काम किया।उन्होंने बंगाली समाज के एकता सम्मेलन को सफल बनाने में पहुंचे सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त किया।



# स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए सरकार गंभीर: धामी







रुद्रपुर(उदस 'वाददाता)। मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में पारम्परिक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ पंचम राज्य ओलंपिक खेलों का किया मुख्यमंत्री ने औपचारिक शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री हेलीपैड से रोड शो करते हुए स्टेडियम पहुंचे, खिलाड़ियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। स्टेडियम पहुँच कर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज एवं ओलंपिक ध्वज फहराया व विभिन्न जनपदों से आये खेल दलों के मार्चपास्ट की सलामी ली, मुख्यमंत्री ने शुभांकर व मैडल का अनावरण किया एवं रंग बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर खेलों का आगाज किया। उन्होंने सम्बोधित करते हुए पंचम राज्य ओलंपिक खेलों के आयोजन के लिए सभी खिलाड़ियों, जिला प्रशासन, राज्य ओलंपिक संघ को बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज का यह दिन हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज हम उत्तराखंड के 5वें राज्य खेलों का शुभारंभ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य खेलों का यह आयोजन उत्तराखंड के खिलाड़ियों को ना सिर्फ अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देगा बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करने के लिए प्रेरित भी करेगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य सिर्फ खेलों की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करवाना नहीं, बल्कि उत्तराखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों सहित सभी मेहनती और समर्पित खिलाड़ियों को एक स्तरीय मंच प्रदान करना है जिसके द्वारा वे अपने खेल को एक नई दिशा प्रदान कर सकें। उन्होंने कहा कि हमारी राज्य सरकार आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में खेल के क्षेत्र में उत्तराखंड को एक अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में खेलों और खिलाड़ियों को हर प्रकार से प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हमनें नई खेल नीति लागू की है। उन्होंने कहा कि इस नीति के तहत हमने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर










पदक लाने वाले खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी देने की शुरुआत भी कर दी है। उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी होती है कि इस साल हमने मेडल लाने वाले प्रदेश के 31 खिलाड़ियों को सरकारी विभागों में नियुक्ति दी है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही, हमनें मुख्यमंत्री खेल विकास निधि की स्थापना भी की है जिसके माध्यम से पूर्व में दी जाने वाली नकद पुरस्कार धनराशि में लगभग 100% की वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के आवासीय स्पोर्ट्स कॉलेजों के खिलाड़ियों को नि:शुल्क प्रशिक्षण, शिक्षा, आवास, भोजन एवं किट आदि प्रदान किए जा रहे हैं। माननीय मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना और मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के जरिए प्रदेश के उभरते हुए खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही उन्हें खेल उपकरण खरीदने हेतु प्रति वर्ष 10 हजार रूपये की धनराशि अलग से दी जा रही है, इतना ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को दी जाने वाली खेल किट की धनराशि 3000 रूपए से बढ़ाकर 5000 रूपये कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार प्रशिक्षकों को दी जाने वाली धनराशि में भी वृद्धि की गई है। इसी क्रम में दिव्यांग खिलाड़ियों तथा प्रशिक्षकों को भी समान अधिकार प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उत्तराखण्ड खेल रत्न और द्रोणाचार्य पुरस्कारों सहित हिमालय खेल रत्न पुरस्कार भी प्रदान किये जाने की व्यवस्था की गई है, राज्य की सरकारी नौकरियों में 4 प्रतिशत खेल कोटे को पुन: लागू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के साथ ही हम राज्य में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत बनाने में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि चाहे वो नए खेल मैदानों का निर्माण करना हो या मौजूदा खेल मैदानों को राष्ट्रीय स्तर के मैदान के रूप में विकसित करना हो हम हर वो प्रयास कर रहे हैं जिससे हमारे प्रदेश में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि 264 करोड़ रुपये की लागत से जल्द ही चंपावत में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही, हम बहुत जल्द राज्य में खेल विश्वविद्यालय भी बनाने जा रहे हैं, जिससे हमारे खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, सुविधाएँ और अधिक अवसर प्राप्त हो सकेंगे। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे प्रदेश को आगामी राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। इस आयोजन को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में अवस्थापना सुविधाओं का निर्माण किया जा रहा है साथ ही खिलाड़ियों के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है। श्री धामी जी ने कहा कि राज्य खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को निश्चित ही राष्ट्रीय खेलों में भी प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी जमकर मेहनत करें और राज्य खेलों में पदक हासिल करने के साथ ही आगामी राष्ट्रीय खेलों में भी अधिक से अधिक पदक प्राप्त कर राज्य का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि राज्य खेलों का यह आयोजन आपके खेल करियर को नई दिशा और गति देने का माध्यम बनेगा और आप पूरी मेहनत के साथ आगे भी राज्य और देश का नाम रोशन करते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने रुद्रपुर में ओलंपिक संघ के कार्यालय हेतु भूमि चिन्हित करने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए। विशिष्ट अतिथि सांसद अजय भट्ट ने सभी खिलाड़ियों को 5वां राज्य ओलंपिक खेल 2024 के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल हमे अनुशासन सिखाते है, खेल स्वास्थ्य के लिए ही नहीं अपितु मानसिक और शारीरिक विकास के लिए भी अति आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं को खेलों के लिए प्रेरित करें ताकि भविष्य में मैडल जीत कर प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री धामी के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं खेलों के लिए ढाँचागत विकास के लिए आभार व्यक्त किया। प्रभारी अध्यक्ष राज्य ओलंपिक संघ महेश नेगी व संघ के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह दिया व खिलाड़ियों प्रोत्साहित करने के लिए उनका आभार व्यक किया। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री, अनिल कपूर डब्बू, उत्तम दत्ता, जिलाध्यक्ष भाजपा कमल जिन्दल, गुँजन सुखीजा, महासचिव अमित नारंग, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, प्रदेश मंत्री भाजपा विकास शर्मा, पूर्व विधायक शैलेन्द्र मोहन सिंघल, भारत भूषण चुघ, विवेकदीप सिंह, विवेक सक्सेना, धीरेन्द्र मिश्रा, जिलाधिकारी उदय राज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल, अर्जुन अवार्डी मनोज सरकार, पूर्व अध्यक्ष राज्य ओलंपिक संघ राजीव मेहता, महासचिव राज्य ओलम्पिक संघ डॉ० डीके सिंह, जिलाध्यक्ष ओलम्पिक संघ डॉ० नागेन्द्र शर्मा, सुरेश चन्द पाण्डे, दोर्णाचार्य अवार्ड प्राप्त हंसा मनराल, पवन शर्मा, मुखर्जी निर्वाण, जिलाध्यक्ष बॉक्सिंग ऐसो० धनश्याम श्यामपुरिया, लक्ष्मण सिंह टाकुली, कमल सक्सेना, अख्तर अली, नरेन्द्र बाफिला, धीरेंद्र बिष्ट, गोपाल सिंह दीवान खत्री, महेश जोशी, गुरमीत सिंह जिला क्रीडा अधिकारी जानकी कार्की जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत सहित अनेक अधिकारी, कोच इंस्टेक्टर रेफरी आदि मौजूद थे।

# श्याम बाबा के दरबार में उमड़े हजारों श्रद्धालु

## भजन गायक नंदकिशोर शर्मा एवं अमन सांवरिया ने भजनों से जमाया रंग







गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा आयोजित पांचवें श्री श्याम बाबा खाटू वाले के दरबार के आयोजन में हजारों लोगों ने अपनी श्रद्धा एवं आस्था प्रकट करते हुए सहभागिता कर भजन कीर्तन का आनंद लिया। नगर क्षेत्र एवं दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से भी पहुंचे लोगों द्वारा श्री श्याम बाबा के दर्शन करके पुष्प अर्पित किए वहीं दूर दराज दूर से आई विभिन्न धार्मिक सामग्री की दुकानों पर भी लोगों ने जमकर खरीदारी की ।श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा आयोजित श्री श्याम बाबा दरबार में वृंदावन से आए श्री नंदकिशोर शर्मा द्वारा गए गए भजनों पर श्रद्धालु, श्रद्धा भावना से झूम उठे वहीं अमन सांवरिया द्वारा भी भजनों का गुणगान करते हुए लोगों को झूमने पर मजबूर कर दियाइस दौरान श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गई और बाबा के दर्शनों के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा महिला श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने पर पुलिस द्वारा भी सुरक्षा व्यवस्था एवं पार्किंग के व्यापक प्रबंध किए गए थे। इस अवसर पर आयोजित लंगर भंडारे में भी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस दौरान श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष विजय अनेजा ने सफल आयोजन का सभी को आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बाबा हरनाम जी,समाजसेवी विनोद भुसरी, वेदराज बजाज,गुंजन सुखीजा ,अजय खेड़ा,अभिषेक गुंबर,मुनी भुसरी,सुरेश खुराना, रविंद्र बजाज,परमजीत सिंह, राजीव पपनेजा,सोमनाथ छाबड़ा ,कपिल गंडा, संजीव नागपाल,संतोष गुप्ता,शिवम छाबड़ा,संजीव झाम,दीपक हुड़िया, अभिषेक वर्मा,रवि सचदेवा,राकेश कंबोज, डॉ विनीत अरोड़ा के अलावा श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष विजय अनेजा,अंकित गगनेजा,अक्षित,अंकुश अनेजा,बृजेश गुप्ता,हरविंदर सिंह बिन्नी,चिराग मुरादिया,दीपक खेड़ा,देव चौधरी,गौरव तेजवानी,गोल्डी अनेजा,जीतू गंगवार,रजत गाबा,कपिल चंद्रा,केशव कुमार,कुणाल ग्रोवर, मनीष फुटेला,नीटू पसरीचा, मोहित अग्रवाल,नरेश पसरीचा ,नट्टू चौधरी,निखिल गाबा, रोहित सुदामा,निकुंल ,नितिन मुंजल,राहुल चंद्रा,रौबिन फुटेला,सनी बत्रा,रोहित कंबोज,सचिन गाबा,यशपाल गुंबर,समन मुंजाल,संदीप बत्रा,संजीव नागपाल, सार्थक सुखीजा,शंटी कालड़ा,विक्की भुसरी,यश कालरा ,वंश,विवेक,योगेश छाबड़ा,विक्की मुरादिया, गोल्डी गाबा के अलावा रश्मि भुसरी मणि चुघ,मीनू पाल, दिव्या बत्रा,सिमरन गाबा,पलक गाबा, पूजा सिंधी,रितु,रीना नागपाल,अनु अरोड़ा,भावना सुखीजा,प्रीति डोडा,रूही बत्रा, सोनिया तेजवानी,शालू बठला, आदि भक्तों ने हजारों की संख्या में श्याम बाबा के भजनों का आनंद लिया ।

# होली चाइल्ड में सी.बी.एस.ई. क्लस्टर खो-खो प्रतियोगिता 24 से

रूद्रपुर। होली चाइल्ड स्कूल में सीबीएसई क्लस्टर-19 खो खो प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) का आयोजन 24 सितम्बर से 27 सितम्बर तक किया जायेगा। इस क्लस्टर में प्रतिभाग करने के लिए उत्तराखण्ड व उत्तर प्रदेश के लगभग 100 विद्यालयों द्वारा 1000 से ज्यादा छात्राओं का रजिस्ट्रेशन किया गया है। प्रधानाचार्य मिन्टू दूबे ने बताया सीबीएसई द्वारा खो-खो क्लस्टर-19 प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) के आयोजन की जिम्मेदारी होली चाइल्ड स्कूल को प्रदान की गयी है। इस क्लस्टर को सफलतापूर्वक आयोजित करवाने के लिए विद्यालय पूरी तरह से तैयारियों में जुट गया है। उन्होंने बताया कि इस तरह का आयोजन इतने बड़े स्तर पर सीबीएसई क्लस्टर द्वारा इस क्षेत्र में पहली बार किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 24 सितम्बर 2024 को प्रात: 10 बजे किया जाएगा। इसमें सभी टीमें अपने-अपने स्कूलों का प्रतिनिधित्व अपने-अपने विद्यालयों के झंडे के साथ फ्लेग मार्च करते हुए करेंगी।

# पीसीएस परीक्षा में अभिषेक ने 11वां स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पीसीएस परीक्षा 2021 में असिस्टेन्ट कमिश्नर राज्य कर (वित्त विभाग) के टापर,लमोहर पार्क निवासी अभिषेक ठाकुर पुत्र शिवाश्रय ठाकुर ने पीसीएस की मेरिट लिस्ट में 11 वां स्थान लाकर जिले गौरव बढ़ाया है। अभिषेक ठाकुर सन् 2001-2016 तक जेपीएस स्कूल द्रपुर के छात्र रहे हैं। उन्होंने सभी कक्षाओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करते हुए इण्टरमीडिएट परीक्षा में रसायन विज्ञान में 100% अंक प्राप्त कर कुल 95.4% अंकों से उत्तीर्ण कर जनपद का नाम रोशन किया था। वर्ष 2016-2020 तक एन. आई. टी. जलन्धर (पंजाब) में इलेक्ट्रानिक एण्ड कम्युनिकेशन इन्जीनियरिंग स्ट्रीम से पढ़ाई कर अपने ब्रान्च में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किए। वर्तमान में वे सैम्संग इण्डिया (आर. एण्ड डी.) बंगलौर में सीनियर साफ्टवेयर इन्जीनियर पद पर कार्य थे। इस पद पर रहते हुए उन्होंने यू०के० पी.सी. एस. परीक्षा 2021 में सहायक आयुक्त स्टेट टैक्स वित्त विभागमें प्रथम स्थान प्राप्त किया। अभिषेक अकुर की कड़ी मेहनत से प्राप्त इस उपलब्धि पर जनपद वासियों ने हार्दिक बधाई देते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अभिषेक ठाकुर ने बताया कि इस सफलता के पीछे उनके पिता शिवाश्रय ठाकुर, माता श्रीमती कलावती देवी, भाई विवेक ठाकुर, मामा भानु प्रताप एवं समस्त गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त रहा है। अभिषेक के माता-पिता ने बताया कि उनके पुत्र ने पीसीएस/आईएएस बनने तत्कालीन जिलाधिकारी गोपालकृष्ण द्विवेदी से ली थी।


# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## एंटीबायोटिक दवा का सेवन

लोगों में यह धारणा आम हो गई है कि कोई भी बीमारी रोग प्रतिरोधक दवाओं (एंटीबायोटिक) के बिना जल्दी ठीक नहीं हो सकती। खांसी-जुकाम और बुखार जैसी सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज में भी रोग प्रतिरोधक दवाओं का इस्तेमाल बढ़ रहा है। नतीजा यह कि रोग प्रतिरोधक दवाएं निष्प्रभावी हो रही हैं और यह वैश्विक स्तर पर गंभीर समस्या बन गई है। 'द लांसेट' पत्रिका में प्रकाशित नए अध्ययन में दावा किया गया है कि वर्ष 1990 से 2021 के बीच रोग प्रतिरोधक दवाओं के निष्प्रभावी हो जाने से दुनिया भर में हर साल 10 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई। अगले 25 वर्षों में 3.9 करोड़ से अधिक लोगों की जान जा सकती है। अध्ययन में कहा गया है कि रोग प्रतिरोधक दवाओं के निष्प्रभावी होने से भविष्य में भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश सहित दक्षिण एशिया में सर्वाधिक असर दिखने का अनुमान है। स्पष्ट है कि दक्षिण एशियाई देशों में रोग प्रतिरोधक दवाओं का इस्तेमाल बढ़ रहा है। यह बात सही है कि गंभीर संक्रमण वाली बीमारियों के इलाज में रोग प्रतिरोधक दवाएं कारगर होती हैं, लेकिन जरूरत से ज्यादा और लंबे समय तक इन दवाओं का सेवन स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह होता है।दरअसल, रोग प्रतिरोधक दवाओं के प्रति प्रतिरोध तब उत्पन्न होता है, जब संक्रामक रोगाणु को मारने के लिए बनाई गई ये दवाएं निष्प्रभावी हो जाती हैं, क्योंकि रोगाणु इन दवाओं का प्रतिरोध करने की क्षमता विकसित कर लेते हैं। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में रोग प्रतिरोधक दवाओं के निष्प्रभाव से होने वाली मौत में 80 फीसद से अधिक की बढ़ोतरी हुई है।बुजुर्ग ऐसी दवाओं का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं। अनावश्यक रूप से ली जाने वाली ये दवाएं शरीर में फायदेमंद जीवाणुओं को भी नष्ट कर देती हैं, जिससे और भी कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो जाती हैं। विशेषज्ञों की राय है कि रोग प्रतिरोधक दवा चिकित्सक के परामर्श से ही लेनी चाहिए। साथ ही, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और नीति निर्माताओं को भी चाहिए कि ऐसी दवाओं के इस्तेमाल व बिक्री को लेकर नियमों को और सख्त करें।

## अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस



कुदरत की सबसे प्यारी रचना है हमारी बेटियां।
ईश्वर रूपी वरदान है हमारी बेटियां।
अंधेरी रात में चांदनी है हमारी बेटियां।
करुणा ,दयालता, सहनशीलता,
की मूरत होती हैं,बेटियां
उपनते नदी में नाव की नाविक है हमारी बेटियां ।
हर चेहरे की मुस्कान है हमारी बेटियां।
हर घर की रौनक है बेटियां।
बूढ़े माता-पिता का सहारा है बेटियां ।
अपने प्रेम की खुशबू से घर आंगन महकती है बेटियां ।
ईश्वर का दूसरा वरदान होती है बेटियां।
तपती दोपहर में ठंडी हवा का झोंका होती है बेटियां ।
आओ मिलकर अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस पर
संकल्प सजाते हैं बेटियों का मान इस जग में बढ़ते हैं।

शालिनी शर्मा ,रुद्रपुर

## बीस सूत्रीय कार्यक्रम की रैकिंग में यूएस नगर अव्वल

रूद्रपुर। जिलाधिकारी उदयराज सिंह के नेतृत्व में बीस सूत्रीय कार्यक्रम में माह जून की रैंकिंग में जनपद ऊधम सिंह नगर प्रथम स्थान पर रहा है, जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने चालू वित्तीय वर्ष में बीस सूत्रीय कार्यक्रम में माह जून की रैंकिंग में सर्वाधिक 74.24 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम आने पर सभी अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने अधिकारियों को वर्षभर बीस सूत्रीय कार्यक्रम में प्रथम श्रेणी बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होने बताया कि वर्ष 2023 24 से जनपद उधमसिंह नगर बीस सूत्रीय कार्यक्रम में लगातार प्रथम स्थान पर बना हुआ है। उन्होने बताया कि जनपद उधमसिंह नगर बीस सूत्रीय के 29 कार्यक्रमों में ए श्रेणी, 06 कार्यक्रमो में बी श्रेणी, 02 में सी श्रेणी व 6 कार्यक्रमो में डी श्रेणी प्राप्त की। उन्होने सभी अधिकारियों को सभी कार्यक्रमों में ए श्रेणी में लाने के निर्देश दिये। बीस सूत्रीय कार्यक्रम में प्रदेश के 13 जनपदो में उधमसिंह नगर प्रथम, टिहरी द्वितीय व जनपद देहरादून तृतीय स्थान पर रहा।

# मंदिर के प्रसाद में मांसाहार की मिलावट



आंध्रप्रदेश के विश्व प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मांसाहारी मिलावट की बड़ी धोखाधड़ी सामने आई है। भारत ही नहीं दुनिया के करोड़ों सनातन हिंदू धर्माबलंबी किसी भी प्रकार के मांस का भक्षण नहीं करते हैं। ऐसे में लड्डू रूपी इस प्रसादम् में गाय की चर्बी मिली होने की जांच रिपोर्ट में पुष्टि ने हिंदुओं के अंतर्मन को दहला दिया है। क्योंकि वे गाय को परंपरा के रूप में माता मानते हैं और उसकी सेवा भी करते हैं। अतएव लड्डू की इस मिलावट से जुड़े मुद्दे में दूध का दूध और पानी का पानी होना जरूरी है। आंध्रप्रदेश की सत्तारुढ़ दल तेलगु देशम पार्टी के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने स्वयं एक बयान देकर इस मिलावट की जानकारी देश को दी है। इन लड्डुओं में शुद्ध गाय के घी को जो संस्था लड्डू बनाने वाली संस्था को बेचती है, उसमें गाय और सुअर की चर्बी मिली होने के साथ मछली के तेल की मिलावट भी पाई गई है। तिरुमला, तिरुपति देवस्थानम संस्था इस मंदिर का संचालन करती है, संस्था प्रमुख की नियुक्ति प्रदेश सरकार करती है। साफ है, सरकारी तंत्र का कदाचार और लापरवाही इस मिलावट के लिए दोषी है। मंदिर में भगवान को प्रसादम् के रूप में लड्डू का भोग लगाने की प्रथा 300 साल से भी ज्यादा पुरानी है। इस प्रसाद को साधारण नहीं माना जाता, इसलिए इसे 'महाप्रसाद' कहा जाता है। यह मंदिर देश के सर्वाधिक धनी मंदिरों में से एक हैं। यहां प्रतिवर्ष देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु करोड़ों रुपए की नगद राशि के साथ सोना-चांदी भी बड़ी मात्रा में चढ़ाते हैं। साफ है, यहां धन की कोई कमी नहीं है, इसलिए इस महाप्रसाद को सीधे-सीधे ऐश्वर्य और धन की देवीमाता विष्णु पत्नी महालक्ष्मी के भंडार से प्राप्त माना जाता है। अतएव कोई भी भक्त सपने में भी नहीं सोचता कि इस पवित्र प्रसाद की पवित्रता कोई लोभी भंग करने की हिम्मत कर सकता है। करीब चार दशक पहले-पहल इस प्रसाद की पवित्रता और गुणवत्ता पर सवाल उठे थे। 1985 में एक व्यक्ति ने शिकायत की थी कि उसके खरीदे हुए लड्डुओं में फफूंद और कील निकले हैं। अब एक बार फिर भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त गुजरात में स्थित 'नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड' (एनडीडीबी) की रिपोर्ट में हिंदुओं को आघात पहुंचाने वाला परिणाम सामने आया है। दरअसल श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का प्रबंधन देखने वाली संस्था टीटीडी को प्रसाद में मिलावट की शिकायत कुछ समय से मिल रही थीं। वस्तुत: प्रदेश के बाहर लड्डू बनाने वाले घी की जांच कराने की जरूरत समझी गई। अतएव घी के नमूने 9 जुलाई 2024 को एनडीडीबी की प्रयोगशाला को उपलब्ध कराए गए। 16 जुलाई को विस्तृत रिपोर्ट भी दे दी गई। इस रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से घी में गोवंशीय पशुओं की चर्बी, सूअर की चर्बी और मछली के तेल की उपलब्धता की पुष्टि की गई है। इस रिपोर्ट के सार्वजनिक होते ही मंदिर प्रबंधन समिति पर सवाल उठ खड़े हुए हैं। राजनीतिक मुंहवाद तेज हो गया है। दरअसल मंदिर को लड्डू की आपूर्ति आंध्रप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगमोहन रेड्डी के दल वाईएसआरसी के नेता की एजेंसी से होती है। कुछ दिन पूर्व ही चंद्रबाबू नायडू ने लड्डू में प्रयोग किए जाने वाले घी में मिलावट की आशंका जताई थी। इसी के बाद घी के नमूनों की जांव कराई गई। अब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने इस मामले की भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से जांच कराने की बात कही है। यह संस्था केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन एक वैधानिक निकाय है। कांग्रेस ने सीबीआई जांच की मांग की है। वहीं युवजन श्रमिक रायथु कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) का कहना है कि मुख्यमंत्री नायडू राजनैतिक लाभ के लिए घृणित आरोप लगा रहे हैं। दूसरी तरफ लड्डू की आपूर्ति पूरी करने वाली संस्था तिरुमाला तिरुपति देव स्थानम् ने सफाई दी है कि मंदिर को घी की भरपाई करने वालों ने मंदिर में घी और लड्डुओं की जांच की सुविधा नहीं होने का लाभ उठाया है। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे श्यामल राव का कहना है कि प्रयोगशाला परीक्षणों में चयनित नमूनों में पशुओं की चर्बी की मिलावट का पता चला है। यह गंभीर चिंता का विषय है कि घी प्रदाय करने वाले के मन में श्रद्धा का यह भाव क्यों नहीं आया कि इस प्रसाद को करोड़ों शाकाहारी हिंदू ईश्वरीय प्रसाद मानकर ग्रहण करते हैं। अतएव यह आस्था के साथ बड़ा खिलवाड़ है। हालांकि घी सप्लाई करने वाली संस्था का कहना है कि प्रयोगशाला से घी की शुद्धता का प्रमाण-पत्र लेने के बाद ही घी प्रदाय किया जाता था। घी में मिलावट की बात इसलिए सही लगती है, क्योंकि लड्डुओं के निर्माण के लिए जो घी प्रदाय किया जाता था, उसकी कीमत मात्र 320 रुपए प्रति किलोग्राम थी। जबकि शुद्ध देसी घी 800 से 1200 रुपए प्रति किलोग्राम से कम दर पर नहीं मिलता है। ऐसे में मिलावट का संदेह पुख्ता है। आज देश में कहीं भी दूध की औसत कीमत 50 रुपए प्रति लीटर से कम कहीं नहीं है। एक किलो घी तैयार करने में 20 से 25 लीटर दूध खर्च होता है। यदि दूध गाय का है तो इसकी मात्रा और बढ़ जाती है। ऐसे में कैसे विश्वास किया जाए कि 320 रुपए प्रति किलोग्राम के हिसाब से कोई संस्था शुद्ध घी दे सकती है ? हालांकि संस्था का दावा है कि घी के सह-उत्पाद मठे को बेचने से घाटे की पूर्ति हो जाती थी। यह बात भी तार्किक नहीं लगती है। इस मिलावट को लेकर देश के हिंदू धर्मावलंबियों के साथ शंकराचार्य भी चिंतित व आश्चर्यचकित हैं। इस मिलावट को अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र मानते हुए जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वर सरस्वती ने कहा है कि 'हिंदुओं को छलपूर्वक निशिद्ध गोमांस भक्षण कराकर उनको विधर्मियों ने धर्मच्युत करने का अंतरराष्ट्रीय दुष्चक्र रचा है। यह हिंदुओं के धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का सरकारी तंत्र की मिलीभगत से हनन का निंदनीय कृत्य है। इसलिए अब इस अनैतिक छदम् युद्ध से मुक्ति के लिए मंदिरों का प्रबंधन मंदिरों और धर्माचार्यों को दिया जाए।' यह बात इसलिए सही लगती है, क्योंकि हमारे दूध डेयरी उद्योग पर अर्से से विदेशी निगाहें लगी हुई हैं। दरअसल वर्ष 2013-14 के दौरान देश में 1463 लाख टन दूध उत्पादन हुआ था, जो 2022-23 में बढ़कर 2306 लाख टन हो गया है। स्वतंत्रता के बाद दूध उत्पादन में यह सबसे अधिक वृद्धि है। भारत में प्रत्येक वर्ष दूध उत्पादन 5.9 प्रतिशत से ज्यादा की दर से बढ़ रहा है, जबकि दुनिया में दूध की औसत वृद्धि दर्ज प्रतिवर्ष मात्र दो प्रतिशत है। भारतीय दूध की मांग विदेश में भी बढ़ रही है। लगभग 150 देशों में भारत के सह दुग्ध उत्पादों की मांग बनी हुई है। पिछले वर्ष 65 लाख टन दुग्ध उत्पादन का निर्यात हुआ था। इस निर्यात के 2024 में और बढ़ने की उम्मीद हैं। दूध की इस बढ़ती खपत के चलते दुनिया के देशों की निगाहें जीएम बीज की और कीटनाशकों के व्यापार की तरह इस व्यापार को भी हड़पने में लगी हैं। दुनिया की सबसे बड़ी दूध का कारोबार करने वाली फ्रांस की कंपनी लैक्टेल है। इसने भारत की सबसे बड़ी हैदराबाद की 'तिरूमाला डेयरी' को 1750 करोड़ रुपए में खरीद लिया है। क्योंकि दूध का यह कारोबार विश्वस्तर पर करीब 16 फीसदी की दर से हर साल बढ़ रहा है। अमेरिका भी अपने देश में बने सह उत्पाद भारत में खपाने की तिकड़म में है। हालांकि फिलहाल उसे सफलता नहीं मिली है। अमेरिका चीज ;पनीरद्ध भारत में बेचना चाहता है। इस चीज को बनाने की प्रक्रिया में बछड़े की आंत से बने एक पदार्थ का इस्तेमाल होता है। इसलिए भारत के शाकाहरियों के लिए यह पनीर वर्जित है। गौ-सेवक व गउ को मां मानने वाला भारतीय समाज भी इसे स्वीकार नहीं करता। अमेरिका में गायों को मांसयुक्त चारा खिलाया जाता है, जिससे वे ज्यादा दूध दें। हमारे यहां गाय-भैंसें भले ही कूड़े-कचरे में मुंह मारती फिरती हों,लेकिन दुधारू पशुओं को मांस खिलाने की बात कोई सपने में भी नहीं सोच सकता ? लिहाजा अमेरिका को चीज बेचने की इजाजत संसद से नहीं मिल पा रही है। लेकिन अब प्रसाद में पशुओं की चर्बी मिलाने की जो जांच रिपोर्ट आई हैं, उसने हमारी सभी शाकाहारी मान्यताओं पर गहरा कुठाराघात करके आस्था को दहलाने का काम कर दिया है।

-प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार

# चीरबासा में पैदल मार्ग वाशआउट

रूद्रप्रयाग। चीरबासा में 15 मीटर गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग वाशआउट होने से आवाजाही बंद हो गई। ऐसे में पैदल यात्री यहां फंसे रहे।एनडीआरफ, एसडीआरएफ और लोक निर्माण विभाग ने वैकल्पिक रास्ता तैयार कर पैदल मार्ग पर आवाजाही शुरू कराई, हालांकि घोड़ा-खच्चरों का संचालन अभी बंद है। गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर चीरबासा में सुबह दो घंटे तक आवाजाही बंद रही। पुलिस ने लोगों से सुरक्षित स्थान पर रहने की अपील की है। लगभग डेढ़ महीने पूर्व अतिवृष्टि से गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग प्रभावित हुआ था। लोक निर्माण विभाग से 400 मजदूर रास्ते को दुरुस्त करने में जुटे हुए हैं। संवेदनशील स्थानों पर रास्ते को पर्याप्त चौड़ा करने के साथ ही सुरक्षा के इंतजाम भी किए जा रहे हैं। 16 किलोमीटर लंबा गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग 31 जुलाई को अतिवृष्टि से व्यापक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था। मार्ग 29 स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया था। इसमें 16 स्थानों पर पूरी तरह से वॉशआउट हो गया है। जगह-जगह बरसाती नाले बह रहे थे, जिससे रास्ते को पार करना मुश्किल हो गया था। एक अगस्त से ही लोक निर्माण विभाग के 60 मजदूरों ने पैदल मार्ग का सुधारीकरण कार्य शुरू कर दिया था। आए दिन बारिश सहित अन्य विषम परिस्थितियों के बावजूद 26 अगस्त को यात्रा के दोबारा शुरू होने तक पैदल मार्ग को घोड़ा-खच्चरों के संचालन के साथ ही पैदल आवाजाही लायक बना दिया था। इन दिनों 400 मजदूर रास्ते को उसका मूल स्वरूप में लौटाने में जुटे हुए हैं। जंगलचट्टी, भीमबली, छोटी लिनचोली, थारू कैंप, कुवेर गदेरा, टीएफटी आदि स्थानों पर गेविन वाल व सीसी पुश्ता तैयार कर रास्ते को पर्याप्त चार किलोमीटर चौड़ा किया जा रहा है। साथ ही बरताती नाले और एवलॉन्च जोन में पुलिया बनाई गई हैं। इससे आवाजाही में यात्रियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हो। गौरीकुंड- केदारनाथ पैदल मार्ग पर रामबाड़ा में मंदाकिनी नदी पर 70 मीटर लंबा बैलीब्रिज प्रस्तावित है।



# बर्थ डे पार्टी से लौटते युवकों पर हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।गत रात्रि आजाद नगर ट्रांजिट कैम्प में आयोजित हुई बर्थ डे पार्टी में शामिल होंकर घर वापस लौट रहे युवकों पर कुछ लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। बताया जाता है कि गत रात्रि आजादनगर में एक घर में बर्थ डे पार्टी थी। जिसमें डीजे पर नाचने के दौरान आपस में मामूली विवाद हो गया। जो सुलझा लिया गया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब शमशानघाट रोड़ निवासी हरिचांद बढोई पुत्र नित्यानंद, आजादनगर निवासी प्रेमशंकर पुत्र बनवारी लाल व ठाकुरनगर निवासी



शिवेन गंगवार पुत्र जसंवत घर वापस लौट रहे थे तो रास्ते में कुछ लोगों ने उन्हें जबरन रोक कर उन पर हमला कर दिया। जिससे तीनों को गंभीर चोटें आ गई। लहूलुहान हालत में वह ट्रांजिट कैम्प थाने पहुंचे और आप बीती सुनाई। जिसके बाद पुलिस ने तीनों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा। समाचार लिखे जाने तक मामले की रपट दर्ज नहीं की गई थी। बताया जाता है कि इस विवाद के दौरान घर में एक महिला सरिता पत्नी महेन्द्र राम को भी चोटें आई हैं।



# धान खरीद की में लापरवाही पर होगी सख्त कार्यवाही: डीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला सभागार में मूल्य समर्थन योजना अंतर्गत धान खरीद की बैठक लेते हुए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि धान खरीद हेतु सभी संबंधित विभाग समय से तैयारियां पूर्ण कर लें, लापरवाही करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि धान खरीद का कार्य शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने उपजिलाधिकारियों व क्रय एजेंसियों को किसानवार व ग्रामवार सूची अपडेट करने के निर्देश दिए। गत वर्षों में धान क्रय के समय आई समस्याओं की जानकारी लेते हुए श्री सिंह ने पीसीयू प्रबंधक को धनराशि व अन्य मदों की व्यवस्था करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को क्रय एजेंसियों व धान क्रय केन्द्रों की तैयारियों का भी निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान क्रय केंद्रों में साफ-सफाई, कांटा-बांट, परिवहन, हैंडलिंग, कम्प्यूटर, आर्द्रतामापी यंत्र, बिजली, पेयजल, शौचालय आदि मूलभूत व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा सभी धान खरीदी केन्द्रों व राइस मिलर्स का पंजीकरण सत्यापन 27 सितंबर से पहले कर लें, निरीक्षण के समय अनियमितता पाये जाने पर संबंधित अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिले में बारदाना की उपलब्धता की जानकारी ली तथा धान क्रय के समय बारदाना की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि धान भंडारण हेतु गोदाम में उचित व्यवस्था पहले ही कर ली जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को आसानी से पंजीकरण कराने की सुविधा उपलब्ध कराई जाये और धान विक्रय हेतु किसानों के पंजीयन में कोई भी समस्या आने पर उसका निराकरण प्राथमिकता से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियों की समीक्षा बैठक सोमवार को आहूत की जाएगी उन्होंने कहा कि शासन स्तर के विषयों से संबंधित यदि कोई समस्याएं हों तो जिला प्रशासन को समीक्षा बैठक के दौरान ही अवगत कराएं ताकि उनका ससमय निराकरण किया जा सके और धान खरीद में कोई समस्या न आए। बैठक में आर.एफ.सी. कुमाऊं बी0एल0 फिरमाल, निदेशक मंडी आर डी पालीवाल, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, संयुक्त मजि0 गदरपुर आसिमा गोयल, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्र, गौरव चटवाल, उपनिदेशक मंडी निर्मला बिष्ट, पीसीयू प्रबंधक धीरज कुमार सैनी, सहायक निबंधक सहकारी समितियां सुमन कुमार सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी आदि मौजूद थे।




# कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा की माता का निधन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा की माता जी शकुंतला शर्मा का मेरठ में निधन हो गया। उनके निधन की सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। 82 वर्षीय श्रीमती शकुंतला शर्मा पिछले कुछ समय से बिमार चल रही थी। दिल्ली में उनका उपचार चल रहा था। शनिवार शाम उनका निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। रविवार को मेरठ स्थित पैतृक निवास पर गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। श्रीमती शकुंतला शर्मा के निधन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, पुष्कर राज जैन, संदीप चीमा, मोहन खेड़ा, मीना शर्मा, अनिल शर्मा, सौरभ चिलाना, भूपेश सोनी, योगेश चौहान, देवेन्द्र शर्मा, रेनू शर्मा, अभिषेक शर्मा सहित तमाम लोगों ने शोक व्यक्त किया है। उधर कुर्मी महासभा ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है। शोक सभा में अध्यक्ष सौरभ गंगवार सहित अन्य लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालों में मनोहर लाल गंगवार, रामधारी गंगवार, आकाश गंगवार, डॉक्टर सोनी गंगवार, रामचंद्र पटेल, जयवीर सिंह गंगवार, चोखेलाल गंगवार, राजीव गंगवार, लोकपाल गंगवार, राधेश्याम गंगवार, राजेश गंगवार, पूर्व सभासद ओमप्रकाश गंगवार, प्रेमपाल गंगवार, राजेंद्र यदुवंशी, रामकिशन पटेल, अंकित वर्मा, नरेंद्र राठौड़, शेर सिंह राठौड़ आदि शामिल थे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-246817

# जैन मंदिर में मनाया गया क्षमावाणी पर्व



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: आदर्श कालोनी स्थित जैन मंदिर में समाज के लोगों द्वारा क्षमावाणी पर्व मनाया गया। जिसमें सभी जैन धर्मावलम्बियों ने प्रभु से क्षमा याचना की और कहा कि यदि गत वर्षों में उनसे या उनके परिवार के किसी भी सदस्य से जाने अंजाने में कोई गलती हुई हों तो उसके लिए क्षमा प्रार्थना है। आज के दिन सभी जीवों से क्षमा याचना करते हैं। इस उपलक्ष्य में पालकी यात्रा भी निकाली गई जो कि जैन मंदिर से प्रारम्भ होकर भगवान महावीर वाटिका की परिक्रमा करते हुए जैन मंदिर में समाप्त हुई। इसके पश्चात भंडारा प्रसाद वितरित किया गया। जिसकी व्यवस्था क्रेजी डेकोर की स्वामी श्रीमती अनुराधा जैन लोहिया ने की। इस मौके पर अमरनाथ जैन, विपिन जैन, संजीव जैन, अमित जैन लोहिया, आलोक जैन, अनुज जैन, आकाश जैन, संजय जैन, सुभाष जैन, प्रवीण जैन, पियूष जैन, प्रेमचन्द्र जैन, रीटा जैन, सारिका जैन, संजू जैन, स्वाति जैन, ज्योत्सना जैन, रेनू जैन आदि मौजूद थे।

# सड़क निर्माण को लेकर सड़क पर उतरे लोग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वार्ड एक फुलसुंगा स्थित मारूति कुंज विहार कालोनी के लोगों ने आज क्षेत्र में सड़क निर्माण कराये जाने की मांग को लेकर नगर निगम के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि यह सड़क क्षेत्र के करीब 6 गांवों को जोड़ती है। जो आज उपेक्षा के कारण जर्जर हालत में पहुंच गई है। निगम प्रशासन भी मार्ग निर्माण नहीं करा रहा है। उन्होंने कहा यदि शीघ्र मार्ग निर्माण नहीं कराया गया तो आगामी हर चुनाव में क्षेत्र के लोग वोट देने नहीं जायेंगे। रोड नहीं तो वोट नहीं। इस दौरान रामकृष्ण सैनी, मोहन सिंह रौतेला, रामवीर, अब्दुल चौधरी, आनन्द सिंह, भूपेन्द्र सिंह, विक्रम बिष्ट, हरीश, परमवीर, गोकुल, रामपाल, असलम, पूरन सिंह, अनिल कोरंगा, सरोज देवी, दयावती, सुनीता, प्रेमा, जानकी, गंगा देवी, आशा रानी, देवकी देवी, रीना, शिव कुमारी, प्रीति, जयंती देवी, नीतू देवी आदि मौजूद थे।



# राष्ट्रीय बाल एवं किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम में बच्चों को किया जागरूक

गदरपुर (उद संवाददाता)। आदर्श जूनियर हाईस्कूल चंडीपुर, दिनेशपुर में मुख्य चिकित्साधिकारी ऊधम सिंह नगर मनोज शर्मा एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर डॉ संजीव सरना के निर्देशन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम गदरपुर की टीम द्वारा एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टी 3 कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 5 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों की हीमोग्लोबिन की जांच टी 3 अप्रोच अर्थात टेस्ट ट्रीट एंड टॉक के साथ की गई। डॉ विकास सचान ने किशोर किशोरियों एनीमिया के कर्म एवं उनके शरीर पर होने वाले लक्षणों एवं उससे बचने उपाय के बारे में चर्चा की गई। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की महिला चिकित्सक डॉ रेखा रानी द्वारा बारे में किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता की जानकारियां दी गई। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की काउंसलर श्रीमती राधा मिगलानी द्वारा वीकली आयरन फोलिक एसिड प्रोग्राम के बारे में जागरूक किया गया तथा समस्त बच्चों से आयरन फोलिक एसिड की टेबलेट को नियमित रूप से प्रत्येक सप्ताह खाने के लिए बताया गया। टीबी मुक्त भारत अभियान के नीरज बघेल द्वारा बच्चों को टीबी जागरूकता कार्यक्रम के बारे में बच्चों को जागरूक किया गया एवं उनकी स्क्रीनिंग भी की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के फार्मासिस्ट के एन जोशी एवं स्टाफ नर्स सोनिया विद्या द्वारा बच्चों के हीमोग्लोबिन की जांच करने के साथ आवश्यकता अनुसार दवाओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या मीरा राय, श्रीमति सरिता दास, असीमानंद, आदित्य कुमार, अमित सिंह राणा एवं समस्त स्टाफ द्वारा सहयोग किया।




# लोअर मॉलरोड के किनारे टूटी हुई रेलिंग से हादसे का खतरा

नैनीताल। नगर की लोअर मॉलरोड पर लगी क्षतिग्रस्त रेलिंग राहगीरों के लिए खतरा बनी हुई हैं। लोहे की रेलिंग रस्सियों से बांध कर रोकी गई हैं जबकि टूटी रेलिंग होने के चलते नंदा देवी महोत्सव में डोला भ्रमण के दौरान कई लोग झील में गिर गए थे। उस दौरान बड़ा हादसा होने से बच गया। लोअर मॉलरोड में बीते लंबे समय से कई स्थानों पर पुरानी रेलिंग टूटी हैं। कई स्थानों पर टूटी रेलिंग को तार से बांधा गया है। क्षतिग्रस्त रेलिंग के चलते नंदा देवी महोत्सव में डोला भ्रमण कार्यक्रम के दौरान लोअर मॉलरोड से कई लोग झील में गिर गए थे। गनीमत रही कि डोले में शामिल लोगों व पुलिस ने झील में गिरे लोगों को पानी से बाहर निकाल लिया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। इस जगह पर रोजाना कई पर्यटक फोटो भी खिंचवाते हैं। उसके बाद भी विभाग ने रेलिंग को रस्सी से बांधकर फिर खड़ा करने की कोशिश की है जिससे खतरा बरकरार है। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता डीडी सती ने बताया कि लोगों की सुरक्षा के लिए जल्द ही टूटी हुई लोहे की रेलिंग में वेल्डिंग करा दी जाएगी, जिससे घटना की पुनरावृत्ति न हो।

## पेज एक का शेष...

**केजरीवाल ने बताया ..**चोर हैं? उन्होंने जनता से अपनी ईमानदारी का सर्टिफिकेट भी मांगा। उन्होंने रैली में आए लोगों से कहा, जिन्हें लगता है नरेंद्र मोदी ने केजरीवाल के खिलाफ षड्यंत्र रचा है, वे हाथ खड़ा करें। उन्होंने कहा कि दिल्ली का आगामी चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है। यह मेरी प्रतिष्ठा से जुड़ा है। अगर दिल्ली की जनता को लगता है कि अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार किया है, तो आप झाड़ू का बटन मत दबाना, मुझे वोट मत करना। लेकिन अगर आपको लगता है कि केजरीवाल ईमानदार है तो आम आदमी पार्टी के लिए वोट करना। आपका हर वोट मेरी ईमानदारी का सर्टिफिकेट होगा। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने अपने संबोधन में कहा लोगों को दुख है कि केजरीवाल अब सीएम नहीं रहे। लेकिन लोग इस बात से भी खुश हैं कि केजरीवाल ने एक तानाशाह की जेल की सलाखें तोड़ दी हैं। जेल में मुझे बोला गया आपकी पत्नी बीमार हैं और बेटा बाहर पढ़ रहा है। मेरे अकाउंट के 10 लाख रुपये भी इन्होंने जब्त कर लिए। मेरा बेटा कॉलेज में पढ़ता है। मुझे उसकी फीस भरने के लिए लोगों के सामने हाथ फैलाने पड़े। इनकी कोशिश थी कि मैं टूट जाऊं। जब बाहर से नहीं टूटा तो अंदर से तोड़ने की कोशिश की। बेशर्मी देखिए इनकी, सीबीआई ने कहा कि मनीष सिसोदिया ने केजरीवाल का नाम दिया। मुझे जेल में कहा गया कि देखो केजरीवाल ने आपका नाम ले दिया, आप उनका नाम ले दो और आप बच जाओगे। मैं उनसे कहता था, आप लक्ष्मण को राम से अलग करने की कोशिश कर रहे हो। दुनिया में किसी में ताकत नहीं जो लक्ष्मण को राम से अलग कर सके। अरविंद केजरीवाल से मेरी 26 साल पुरानी दोस्ती है। वह मेरे राजनीतिक गुरु हैं।

**गुरूद्वारा नानकमत्ता ...**अग्रवाल, किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, हिमांशु बिष्ट, ओम नारायण राणा, ध्रुव सिंह राणा, विशाल गोयल, राकेश अग्रवाल, गौरव वर्मा आदि मौजूद थे, इधर पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष धर्म सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया, इस मौके पर पूर्व सैनिक हीराचंद, कुंवर सिंह आदि मौजूद थे। वहीं सीएम धामी डेरा कर सेवा भी पहुंचे, जहां उन्होंने कार सेवा बाबा तरसेम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेकने के पश्चात धार्मिक डेरा कार सेवा में आयोजित कार्यक्रम में डेरा कर सेवा के बाबा तरसेम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री धामी ने उनको याद करते हुए कहा कि उनके द्वारा किए गए धार्मिक कार्य को क्षेत्र की संगत हमेशा याद रखेगी, इस मौके पर बाबा रविंद्र सिंह, सेवादार दारा सिंह, सेवादार बागा सिंह, बाबा श्याम सिंह, सरदार लक्खा सिंह समय तमाम संगत मौजूद थे।

**शेयर बाजार में..**दी गयी और पूर्व की ही भाँति वालेट में मुझे मुनाफा दिखाते रहे। उसके बाद ग्रुप द्वारा प्रार्थी को आईपीओ खरीदने पर शेयरों के लकी ड्रा के माध्यम से चालीस हजार भोयर जीतने की बात बतायी गयी। तब मेरे द्वारा इन्वेस्ट की गयी धनराशि वालेट में बासठ लाख रूपये के लगभग शो हो रही थी। तब मैंने अपने लाभ का पैसा निकालने की रिक्वेस्ट की गयी तो ग्रुप द्वारा बताया गया कि अठ्ठावन लाख तीन हजार रुपया तत्काल जमा करोगे तभी आप मूलधन तथा मुनाफे की धनराशि विड्राल कर पायेगे अन्यथा इन्वेस्ट गयी धनराशि फ्रीज करने की धमकी भी दी गयी। 6 सितम्बर दो बार में कुल 5803000 रूपये की धनराशि जमा कर दी गई। पुन: पैसे विड्राल करने की रिक्वेस्ट की भेजी गयी तो ग्रुप द्वारा बताया कि आपके द्वारा साढ़े तीन लाख शेयर और जीते है। जिसके लिए आपको जमानत के तौर तीस लाख रुपये की धनराशि और जमा करनी पड़ेगी तभी आप अपना मूल व मुनाफे की धनराशि निकाल पायेगे तब उसे एहसास हुआ कि उपरोक्त ग्रुप द्वारा उससे रुपये नब्बे लाख तीन हजार रुपये की आन लाईन धोखाधड़ी की गयी है। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**लाखों की स्मैक के..**निवासी वार्ड न0-9 इस्लाम नगर गदरपुर और जावेद अली पुत्र जाफर हुसैन निवासी वार्ड न0-9 इस्लामनगर गदरपुर को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से कुल 40.7 ग्राम स्मैक और तीन मोटरसाईकिलें बरामद की गयी। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान, उपनिरीक्षक मुकेश मिश्रा, नरेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार, कांस्टेबल दर्शन सिंह, बलवन्त सिंह, जीवन फुलेरा, निकुल जाट आदि शामिल रहे।

**नाबालिग के अपहरण..**पुलिस को चकमा देता रहा। उसकी गिरफ्तारी नहीं होने पर न्यायालय ने उसे 2004 में मफरूर घोषित कर दिया था। उसके बाद पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। एसएसआई उमेश कुमार की अगुवाई में गयी टीम ने 25 हजार के ईनामी सुरेंद्र महतो को गिरफ्तार कर लिया है।

**गंगा में बहे दिल्ली...**आंखों से ओझल हो गए। युवकों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ की टीम ने गंगा में बहे दोनों युवकों की तलाश के लिए सर्च अभियान चलाया। समाचार लिखे जाने तक दोनों का कोई पता नहीं चल पाया था।

**विवादित दरोगा..**खिलाफ इस तरह की कोई घटना को अंजाम न दे सके। ज्ञापन देने वालों में कमलजीत सिंह बलजीत सिंह, कृपाल सिंह, मंगल सिंह, स्वरूप सिंह समेत दर्जन हस्ताक्षर थे।

**नौ दिन से लापता..**व्यक्ति का शव बरामद हुआ है तो वह यहां पहुंचे और शव की शिनाख्त देवेन्द्र के रूप की। उन्होंने बताया मृतक देवेन्द्र खेती का कार्य करते थे और उनके दो पुत्र हैं। देवेन्द्र का शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम ललित सिंह से बदल कर ललित सिंह बिष्ट कर लिया है। भविष्य में मुझे ललित सिंह बिष्ट पुत्र पूरन सिंह बिष्ट के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

ललित सिंह बिष्ट पूत्र पूरन सिंह बिष्ट, निवासी-मटकोटा चक्कीमोड़, जिला ऊधमसिंह नगर

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'देशी-घी' के इस्तेमाल पर उपभोक्ताओं की बढ़ी 'दुविधा'

## तिरुपति मंदिर के प्रसादम में चर्बी वाले देशी घी के इस्तेमाल की खबरों के बाद शहर में गिरा घी के ब्रांडों की खपत का ग्राफ

### रुद्रपुर बाजार में दो दर्जन से अधिक देशी घी के ब्रांड उपलब्ध, हर ब्रांड के पैकेट पर शत प्रतिशत शुद्धता का दावा उपभोक्ताओं के लिए तय करना मुश्किल कि कौन सा घी शुद्ध और कौन सा है मिलावटी मिलावट की आशंका के चलते देसी घी के इस्तेमाल से फिलहाल बच रहे हैं लोग, सवालों के घेरे में उधम सिंह नगर खाद्य सुरक्षा महकमे की निष्क्रियता

-अर्श-

ऊधम सिंह नगर। भारतवर्ष में आदिकाल से ही देशी घी को शुद्धता का पर्याय एवं सेहत का खजाना माना जाता रहा है। देसी घी के आमतौर पर घर में ही तैयार किए जाने के कारण इसके शुद्धता की गारंटी होती है , लिहाजा पूजा एवं प्रसाद तैयार करने में देशी घी के इस्तेमाल को सदैव ही प्राथमिकता दी जाती रही है ,परंतु तिरूपति मंदिर में भगवान के प्रसाद के लिए तैयार होने वाले लड्डू में इस्तेमाल हो रहे घी में मिलावट का मामला सामने आने के बाद, रुद्रपुर बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध तरह-तरह के घी को लेकर उपभोक्ताओं के मन में कई प्रकार के सवाल उमड़ने घुमड़ने लगे हैं और उपभोक्ता फिलहाल देशी घी के इस्तेमाल से बचते-से दिखने लगे हैं। कदाचित यही कारण है कि रुद्रपुर के बाजार में देशी घी की खपत का ग्राफ उतार की ओर है। बताना होगा कि रुद्रपुर के बाजार में इस समय दो दर्जन से अधिक ब्रांड के देशी घी उपलब्ध है ,जिसकी कीमत 600 से लेकर 2000 रुपये प्रति किलो तक है ।बाजार में उपलब्ध देशी घी के न्यूनतम और अधिकतम दामों में तकरीबन






1500 रुपये प्रति किलो से अधिक का अंतर है,जो कि उपभोक्ताओं को दुविधा में डाल रही है क्योंकि आमतौर पर धारणा यह होती है की महंगा देशी घी निश्चित रूप से शुद्ध होगा। इसके अलावा पैकिंग वाले देशी घी की विभिन्न किस्में भी उपभोक्ताओं को खासा भ्रम में डाल रही हैं ।रुद्रपुर बाजार में पूजा, हवन से लेकर खाने तक के लिए अलग-अलग ब्रांड के देशी घी उपलब्ध है और उनके दाम भी 200 रुपये से लेकर 2000 रुपये प्रति किलो तक है। आमतौर पर दो सौ रुपये से लेकर 500 रुपये तक प्रति किलो में मिलने वाले देशी घी की पैकिंग पर खाने योग्य घी लिखा होता है। इस घी को पूजा वाला घी बता कर भी बेचा जाता है। इसके अलावा अच्छी गुणवत्ता वाला कहकर बेचे जा रहे देशी घी की कीमत रुद्रपुर बाजार में 600 रुपये से 800 रुपये प्रति किलो के बीच है। कुछ लोग अधिक कीमत को घी की गुणवत्ता की कसौटी मानते हुए भी घी खरीदते हैं। ऐसे लोगों के लिए बाजार में 1000 रुपये प्रति किलो से 2000 रुपये प्रति किलो तक का घी शहर के बाजार में उपलब्ध है। इनमें घी के वह ब्रांड भी शामिल हैं, जो गोशालाओं में और विभिन्न संस्थाओं की ओर से हस्त निर्मित प्रोडक्ट के रूप में तैयार कर बेचे जाते हैं।इसके अतिरिक्त अतिरिक्त गिर गाय, देशी गाय, साहीवाल गाय, केनक्रेव और थार पार्कर आदि गायों के घी की कीमत भी अलग-अलग है। चूंकि देशी घी को डेयरी प्रोडक्ट के रूप में बेचा जाता है।ऐसे में बाजार में घी खरीदते समय उपभोक्ता पहले ही यह तय नहीं कर पता था ,कि वह किस ब्रांड और किस कीमत के घी का इस्तेमाल करे ? और तिरुपति मंदिर में प्रसाद के घी में चर्बी की मिलावट का मामला उजागर होने के बाद, तो अब देशी घी के उपयोग को लेकर भी उपभोक्ताओं की दुविधा और भी गहरा गई है। लेकिन आश्चर्य की बात तो यह है कि उपभोक्ताओं के मन में गहराई मिलावटी देसी घी की आशंका के समाधान के लिए जिले का खाद्य सुरक्षा विभाग अभी तक हरकत में नहीं आया है ।ऐसे समय जबकि देशी घी में चर्बी की मिलावट का मामला पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है, जिले के खाद्य सुरक्षा विभाग को चाहिए था कि वह शहर के बाजार में बिक रहे सभी ब्रांड के देशी घी की गुणवत्ता की जांच कर, देशी घी की शुद्धता को लेकर उपभोक्ताओं के मन में पनपी विभिन्न आशंकाओं- कुशंकाओं को समय रहते दूर करता, लेकिन वह फिलहाल गहरी नींद में जान पड़ता है। बहरहाल निकट भविष्य में यह देखना खासा दिलचस्प होगा कि जिले के खाद्य सुरक्षा विभाग ऐसी कोई आवश्यकता महसूस भी होती है अथवा नही।

# लूटपाट कर नशे का शौक पूरा करने के लिये की गई थी ई-रिक्शा चालक की हत्या

## हत्याकाण्ड का 24 घंटे में किया खुलासा, आरोपी राहुल विश्वास उर्फ फलान गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। दिनेशपुर क्षेत्र में ई रिक्शा चालक की हत्या का पुलिस ने चोबीस घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। ई रिक्शा चालक की हत्या नशे का शौक पूरा करने के थे। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू की। मामले में मृतक के पुत्र गुरमीत सिंह ने अपने पिता जगदीश सिंह की अज्ञात व्यक्ति द्वारा लूट के इरादे से हत्या किये जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। सीओ घटना में राहुल विश्वास उर्फ फलान पुत्र अजीत विश्वास का संलिप्त होना प्रकाश में आया। पुलिस टीम ने राहुल विश्वास पुत्र अजीत विश्वास निवासी वार्ड नं0 03 थाना दिनेशपुर शनिवार दोपहर आनन्दखेडा से मोहनपुर जाने इरादे से चोट मारकर हत्या करने की बात कबूल की। पकड़ा गया राहुल विश्वास शातिर किस्म का अपराधी है। आरोपी ने शुक्रवार को गदरपुर में भी एक घटना को अंजाम दिया गया है। इससे पहले भी आरोपी पर आधा दर्जन





लिए लूटपाट करने वाले एक नशेड़ी युवक द्वारा की गयी थी। बता दें शुक्रवार को दिनेशपुर क्षेत्र में ई रिक्शा चालक अमरपुर निवासी जगदीश सिंह का शव संदिग्ध अवस्था में मिला था। मृतक के सिर में चोट के निशान मिले निहारिका तोमर ने शनिवार को खुलासा करते हुए बताया कि घटना के शीघ्र अनावरण के लिए एसएसपी के निर्देश पर टीम का गठन किया गया था। टीम ने आस पास पूछताछ की और सीसीटीवी फुटेज खंगाली। जिससे वाली सडक के किनारे घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल और मृतक से लूटा गया मोबाईल सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने नशे का शौक को पूरा करने के लिये तथा लालच में ई-रिक्शा चालक को अकेला पाकर लूटने के से अधिक मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस टीम में दिनेशपुर थानाध्यक्ष नन्दन सिंह रावत , उपनिरीक्षक नवीन सुयाल, उपनिरीक्षक प्रदीप भट्ट , अपर उपनिरीक्षक अनवर अहमद, कांस्टेबल सुन्दर सिंह, गोविन्द आर्य आदि शामिल थे।

# गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में कैंसर केयर कैंप का आयोजन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में वर्ल्ड कैंसर केयर चैरिटेबल सोसायटी के सहयोग से कैंसर केयर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें डॉक्टरों ने करीब 460 मरीजों की जांच की, गुरुद्वारा साहिब के सभागार में के इन लक्षणों को देखते हुए तुरंत अपनी जांच करायें। इस मौके पर डेरा कार सेवा के बाबा रविंदर सिंह, बाबा दारा सिंह, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार जोगिंदर सिंह, सदस्य सरदार गुरवंत सिंह,सरदार दविंदर सिंह ,सरदार हरभाग सिंह, सरदार जरनैल



आयोजित कैंसर केयर आसपास के तमाम श्रद्धालु अपनी जांच करने के लिए पहुंचे थे। कैंप में पहुंचे डा. धर्मेंद्र सिंह ढिल्लो, डा. रमन ,डा. शुभम ,डा. पवन , डा. अमन , डा. दीपेंद्र द्वारा कैंप में आए मरीजों की जांच की गई। साथ ही जांच करने आए लोगों को कैंसर के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि कैंसर सिंह ,ब्लॉक प्रमुख बहेडी सरदार अमरिंदर सिंह,पूर्व प्रधान सरदार सेवा सिंह , समाजसेवी सरदार भगवान सिंह, सरदार जगजीत सिंह विर्क, मैनेजर सरदार रणजीत सिंह, एकाउंटेंट सरदार रणजीत सिंह ढिल्लों, सरदार सुखवंत सिंह ,सरदार बलदेव सिंह, सरदार शमशेर सिंह, आदि उपस्थित रहे।

